राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 93
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 03 मार्च 2026
मूल्य : 2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट | पेज 3 9000 करोड़ हो सकता है नोएडा का बजट | पेज 4 जमीनी रंजिश में खून से लाल हुई सड़क, युवक की हत्या | पेज 6 अभी भी मेरे अंदर भारतीय टीम से खेलने का जुनून : शमी

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों और तेहरान की ओर से की गई प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में वृद्धि की संभावना नहीं है। भारत अपनी आवश्यकता का 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि खुदरा ईंधन की कीमतों में तुरंत वृद्धि की उम्मीद नहीं है, क्योंकि सरकार कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों के कम होने पर मार्जिन बनाने और दरों के बढ़ने पर उपभोक्ताओं को सहारा देने की संतुलित नीति का पालन कर रही है।

### भारत रूस से 5 एस-400 सुदर्शन डिफेंस सिस्टम खरीदेगा

**नई दिल्ली।** भारत रूस से 5 नए एस-400 'सुदर्शन' एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की तैयारी में है। रक्षा मंत्रालय जल्द ही वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आगे बढ़ाएगा। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के आधार पर सोमवार को बताया कि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम के प्रदर्शन के बाद और खरीदने का निर्णय लिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नए सिस्टम को पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।

# ट्रम्प बोले- ईरान से 4-5 हफ्ते जंग चल सकती है

## अभी पूरी ताकत से हमला नहीं किया, हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज चौथा दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान से जंग 4-5 हफ्ते तक चल सकती है, लेकिन अमेरिका के पास इससे ज्यादा समय तक कार्रवाई करने की क्षमता है।

व्हाइट हाउस में दिए बयान में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना अभी भी ईरान में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई कर रही है।

इससे पहले दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा अमेरिका ने अभी पूरी ताकत से हमला शुरू नहीं किया है। ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है।



### ईरान का 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला

ईरान ने जंग के तीसरे दिन सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया। कुवैत में अमेरिका के 3 फाइटर जेट क्रैश हो गए हैं। अमेरिका ने कहा कि कुवैत ने इन फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।

दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा।

यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

### ईरान में 555 की मौत, 740 घायल

अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए हैं। इनमें अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इसके अलावा अमेरिकी सेंट्रल फोर्सेस के बयान के मुताबिक ईरानी हमलों में अब तक 6 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं।



अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में लोगों का प्रदर्शन।



अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में लोगों का प्रदर्शन।

### ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत



ईरान की सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि देश के मृत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह ने उन चोटों से आज दम तोड़ दिया, जो उन्हें हालिया संयुक्त अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों के दौरान लगी थीं।

# नेतन्याहू बोले- इजराइल के साथ हम दुनिया को भी बचा रहे हैं

ईरान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम को पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि इज़राइल की मिलिट्री कार्रवाई का मकसद न सिर्फ़ खुद को बचाना है, बल्कि ग्लोबल सिक्योरिटी को भी बचाना है।

नेतन्याहू ने बेइत शेमेश का दौरा करते हुए कहा, यह ऑपरेशन रोरिंग लायन का तीसरा दिन है, जिसे इजराइली सेना और इजराइल सरकार ने, यूएस प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ मिलकर, इजराइल के वजूद के खतरों और अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए बड़े खतरों को नाकाम करने के लिए शुरू किया था।

नेतन्याहू ने कहा- अगर इस टेररिस्ट सरकार को... न्यूक्लियर हथियार और उन्हें पहुंचाने के तरीके, बैलिस्टिक और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें मिल जाती हैं, तो वे पूरी इंसानियत के लिए खतरा बन जाएंगी। इसलिए हम खुद को बचाने के लिए निकले हैं। लेकिन ऐसा करके, हम दूसरों को भी बचाते हैं।



# नागपुर फैक्ट्री ब्लास्ट, 21 डॉयरेक्टर्स के खिलाफ केस, 9 गिरफ्तार

## दो और घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़, मृतक संख्या 19 हुई

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार को हुए धमाके से घायल दो और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। उधर, पुलिस ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के नौ डॉयरेक्टर्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कंपनी के 21 डॉयरेक्टर्स और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अन्य घायल श्रमिकों का यहां के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। धमाका नागपुर जिले की कटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में हुआ। पुलिस ने बताया कि शव बुरी तरह जल चुके हैं और उनकी पहचान करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

### एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एआई समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला।

# महाराष्ट्र के पालघर में केमिकल-प्लांट से ओलियम गैस का रिसाव

## इलाके में मची अफरा-तफरी, 2600 लोगों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे ओलियम गैस का रिसाव हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और आपातकालीन की कई टीमें मौके पर पहुंचीं।

रेस्क्यू टीमें प्लांट से गैस रिसाव रोकने की कोशिश में लगी हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इलाके से करीब 2600 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया है। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।



पालघर के एसपी यतीश देशमुख ने बताया- बोइसर स्थित भगेरिया केमिकल्स कंपनी में सोमवार दोपहर 2 बजे ओलियम गैस लीक होने की सूचना मिली।


जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं। फिलहाल रिसाव जारी है। ओलियम गैस के कारण बोइसर के ऊपर सफेद धुएं जैसा बादल बन गया है।

उन्होंने बताया कि हवा की दिशा में आने वाले रिहायशी और औद्योगिक इलाकों को खाली कराया जा रहा है और इलाके में नाकाबंदी भी की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे हवा और धुएं की दिशा के विपरीत ओर जाएं, सुरक्षित स्थान पर पहुंचें और घबराएं नहीं।



## हैप्पी मॉर्निंग

पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था पति- मैं डरता नहीं तुमसे
पत्नी- तुम डरते तो हो, पहली बार जब तुम मुझे देखने आए,
तो 4-5 लोगों के साथ आए
जब मुझे लेने आए तब 200 लोगों को लेकर आए
और मुझे देखो मैं अकेले चली आई।



## शायरी

रैदास इक ही बूंद सो, सब ही भयो वित्थार।
मुरखि हैं तो करत हैं, बरन अवरन विचार॥

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,238.85
-1,048.34 (1.29%)
निफ्टी:
24,865.70
-312.95

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 16 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 6 : 53
सूर्यास्त मंगलवार : 6 : 24

# टैंक में मिले 3-बच्चों के शव, ट्रेन के आगे कूदी मां

### वीडियो में कहा- मेरे साथ मारपीट की, घर से निकाल दिया; इनको सजा मिलनी चाहिए

गंगापुर सिटी। सवाई माधोपुर जिले में घर से 150 मीटर दूर पानी के टैंक में 3 मासूम बच्चों के शव मिले। बच्चों की मां भरतपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूद गई थी। उसे गंभीर हालत में जयपुर के स्र्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर ससुराल वालों पर मारपीट करने और प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। मामला वजीरपुर उपखंड के मीना बड़ौदा गांव का है।



वजीरपुर थानाधिकारी राजवीर ने बताया- मीना बड़ौदा गांव में सोमवार सुबह 10 बजे पानी के टैंक में 3 बच्चों के डूबने की सूचना मिली थी, जो उनके घर से 150 मीटर दूर है। बच्चों की मां संगीता मीणा लापता बताई गई थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक परिजनों ने तीनों शव बाहर निकाल लिए थे।

मृत बच्चों की पहचान दिव्या (5), भारती (3) और डेढ़ वर्षीय दीपक के रूप में हुई। पुलिस ने शव वजीरपुर वजीरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाए और बच्चों की मां की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान सामने आया कि रविवार रात 8 बजे भरतपुर रेलवे स्टेशन पर संगीता सोगरिया एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद गई थी। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# खाड़ी में फंसे भारतीयों को निकालने की तैयारी, 10 स्पेशल फ्लाईट चलाएगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार खाड़ी में फंसे भारतीय नागरिकों को सकुशल निकालने की तैयारियों में जुट गई है। केंद्र सरकार भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए भारतीय दूतावासों के लगातार संपर्क में है। इसके साथ ही देश भर की राज्य सरकारों ने खाड़ी में फंसे नागरिकों की सहायता के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र की बदलती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

इंडिगो तीन मार्च को जेद्दा (सऊदी अरब) से विभिन्न भारतीय शहरों के लिए 10 विशेष राहत उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है। ये उड़ानें आवश्यक स्वीकृतियों और मौजूदा हवाई क्षेत्र की स्थितियों पर निर्भर हैं। इंडिगो यात्रियों की सुविधा के लिए जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेद्दा से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ानें संचालित की जाएंगी।

रविवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक में खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-एआई जेनरेटेड सबूतों पर फैसला लेना बिल्कुल गलत

### इसका सीधा असर न्याय प्रक्रिया पर पड़ता है; बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस

**नई दिल्ली/विजयवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से तैयार सबूतों के आधार पर फैसला लिखना गलत है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि यह साधारण गलती नहीं हो सकती।

कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी। दरअसल अगस्त 2023 में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी केस में एआई से बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया।

इसके खिलाफ आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई, जिसे जनवरी 2024 में खारिज कर दिया गया।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। 17 फरवरी को भी कोर्ट ने एआई टूल से तैयार पिटीशन फाइल करने के बढ़ते ट्रेंड पर चिंता जताई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि अगर किसी फैसले का आधार नकली या गैर-मौजूद सबूत हैं तो यह गंभीर मिसकंडक्ट है।

इसका सीधा असर न्याय देने की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर पड़ता है।

**हत्या** | बहराइच में घर में कुल्हाड़ी से 30 मिनट तक मारता रहा, भाई की हालत गंभीर

# बहराइच : बेटे ने मां-बाप, बहन और दादी की हत्या की


बहराइच। यूपी के बहराइच में युवक ने अपने माता-पिता, बहन और दादी को मार डाला। वह 30 मिनट तक तीनों पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करता रहा। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई की भी जान लेने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह वो बच गया। 10 साल का भतीजा पूरी वारदात को छिपकर देखता रहा।

चीख-पुकार सुनकर गांव वाले भागकर मौके पर पहुंचे तो मंजर देखकर दंग रह गए। फर्श और बेड पर लाशें बिछी थीं। बड़ा भाई दर्द से कराह रहा था। लोगों को देखकर आरोपी ने सुसाइड करनी चाही। ईंट से अपने सिर पर कई वार किए। खून ज्यादा बहने की वजह से बेहोश हो गया।

रविवार देर रात इसी विवाद को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। तभी गुस्से में युवक ने कुल्हाड़ी से परिवार पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर रुपईडीहा के रामनगर बसंतपुर उदल गांव की है।

### सिलसिलेवार तरीके से पूरा मामला समझ लीजिए...

रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (मजरे रामनगर) गांव का रहने वाला गुरुदेव प्रसाद वर्मा (43) का अपने छोटे भाई निरंकार वर्मा (40) से पिछले कई सालों से संपत्ति को लेकर विवाद था। परिवार के पास कुल 18 बीघे कृषि भूमि थी, जिस पर दोनों भाई खेती करते थे।





पिता बदलू राम (60) ने करीब 15 वर्ष पहले 18 बीघा में से थनवी गांव की 12 बिसवा जमीन में बेची थी। उस बिक्री से मिले पैसों से अपने गांव में लगभग 1 बीघा 10 बिसवा जमीन खरीदी गई थी। पर इसका पैसों का हिस्सा निरंकार को नहीं मिला था। इसी बात का विवाद चल रहा था।

परिजनों के मुताबिक, रविवार रात निरंकार अपने हिस्से के पैसे मांगने लगा। जिसे लेकर उसका पिता बदलू से विवाद शुरू हो गया। पिता ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो निरंकार ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। एक के बाद एक सिर पर कई वार किए। पिता खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े।

बीच-बचाव करने आई मां संजू देवी (56), बहन पार्वती (42) और दादी शीतला देवी (80) को भी कुल्हाड़ी से काट डाला। चीख-पुकार सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद बड़ा भाई गुरुदेव बीच-बचाव करने आया तो उस पर भी टूट पड़ा। हमले में गुरदेव वर्मा भी गंभीर घायल हो गए।

हत्याकांड को अंजाम देने के बाद पकड़े जाने के डर से निरंकार ने खुद को भी खत्म करने की सोची। अपने सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार करने लगा। बहुत खून बह जाने की वजह से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# संपादकीय

## खामेनेई के बाद का ईरान : एक युग का अंत और अनिश्चितता का आगाज़



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से न केवल ईरान, बल्कि पूरे मध्य-पूर्व की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। उनकी मृत्यु की खबर मात्र से ही पूरे क्षेत्र में वैचारिक और सैन्य हलचल मचनी तय है। यह केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि उस 'प्रतिरोध के धुरी' (Axis of Resistance) के मुख्य वास्तुकार का ओझल होना होगा जिसने इज़राइल और अमेरिका की क्षेत्रीय नीतियों को चुनौती दी है।

### 1. सत्ता का आंतरिक संघर्ष और उत्तराधिकार

खामेनेई की मृत्यु के बाद सबसे बड़ा सवाल ईरान के भीतर 'विशेषज्ञों की परिषद' (Assembly of Experts) के सामने होगा। उत्तराधिकार की प्रक्रिया काफी जटिल है।

**संभावित दावेदार :** राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी (यदि वे पद पर हों) या खामेनेई के पुत्र मोज्तबा खामेनेई के नामों पर चर्चा अक्सर होती रही है।

**आईआरजीसी (IRGC) की भूमिका :** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) पर्दे के पीछे सबसे शक्तिशाली खिलाड़ी है। वे एक ऐसे नेता को चुनना चाहेंगे जो उनकी आर्थिक और सैन्य स्वायत्तता को बनाए रखे।

### 2. प्रॉक्सी समूहों पर प्रभाव

लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुथी और गाजा में हमास जैसे समूहों के लिए खामेनेई न केवल एक राजनीतिक समर्थक थे, बल्कि एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनकी मृत्यु इन समूहों के लिए एक नेतृत्व निर्वात पैदा कर सकती है। यदि ईरान के नए नेतृत्व ने अपनी आंतरिक चुनौतियों के कारण इन समूहों को मिलने वाली फंडिंग या हथियारों की आपूर्ति कम की, तो सीरिया और लेबनान में शक्ति संतुलन बदल सकता है।

### 3. इज़राइल और अमेरिका की रणनीति

इज़राइल के लिए, यह एक 'सुनहरा अवसर' और 'बड़ा खतरा' दोनों हो सकता है।

**अवसर :** ईरान में आंतरिक अस्थिरता का लाभ उठाकर इज़राइल उसके परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है।

**खतरा :** यदि सत्ता संघर्ष के दौरान IRGC के कट्टरपंथी गुट ने अपनी ताकत दिखाने के लिए इज़राइल पर सीधे हमले का रास्ता चुना, तो यह पूर्ण विकसित युद्ध में बदल सकता है।

### 4. क्षेत्रीय शक्तियों की प्रतिक्रिया

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) जैसे देश इस स्थिति को बहुत करीब से देखेंगे। जहाँ एक ओर वे ईरान के प्रभाव कम होने की उम्मीद करेंगे, वहीं दूसरी ओर उन्हें डर होगा कि ईरान के भीतर गृहयुद्ध जैसी स्थिति पैदा होने पर पूरे क्षेत्र में शरणार्थी संकट और तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।

### 5. वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर

मध्य-पूर्व दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। खामेनेई की मृत्यु के बाद 'होर्मुज जलडमरूमध्य' (Strait of Hormuz) में तनाव बढ़ने की आशंका मात्र से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति का खतरा पैदा हो जाएगा।

### निष्कर्ष

अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद का मध्य-पूर्व पहले जैसा नहीं रहेगा। यह क्षेत्र या तो अधिक लोकतांत्रिक सुधारों की ओर बढ़ेगा (यदि जनता का विरोध सफल रहा), या फिर एक अधिक कट्टरपंथी सैन्य शासन के साये में चला जाएगा। एक बात तय है कि उनकी मृत्यु के बाद का संक्रमण काल बारूद के ढेर पर बैठी इस दुनिया में एक चिंगारी का काम कर सकता है।

## आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

# युद्ध नहीं, शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा

ललित गर्ग



नई बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज़ करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा।

युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए। शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर समझदारी, प्रतिशोध के स्थान पर कूटनीति और वर्चस्व के स्थान पर साझी जिम्मेदारी-इन्हीं मूल्यों से विश्व को स्थिरता मिल सकती है। यह संघर्ष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और भू-राजनीतिक भी है। यूक्रेन संकट के बाद विश्व पहले ही ध्रुवीकरण की दिशा में बढ़ चुका था। अब यदि पश्चिम एशिया में स्थायी अस्थिरता पैदा होती है तो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संतुलन साधना कठिन हो जाएगा। भारत एक ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग भी मजबूत हुआ है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होना भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति के लिए जटिल प्रश्न बन सकता है।

भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे समय में भारत की भूमिका केवल एक प्रभावित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक संभावित मध्यस्थ और संतुलनकर्ता की भी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में बहुध्रुवीय कूटनीति की जो नीति अपनाई है, वह इसी प्रकार की जटिल परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। भारत ने एक ओर अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी को सुदृढ़ किया है, वहीं रूस से ऊर्जा सहयोग बनाए रखा है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित संबंध कायम रखे हैं। यह 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति भारत को किसी एक खेमे में बंधने से बचाती है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे संवाद और शांति प्रयासों के लिए विश्वसनीय मंच प्रदान कर सकता है।

भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, जिसमें ईरान भी सदस्य बन चुका है। यह मंच वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करने का अवसर देता है। यदि भारत इस मंच के माध्यम से युद्धविराम, संवाद और बहुपक्षीय समाधान की पहल करता है, तो वह न केवल अपनी कूटनीतिक विश्वसनीयता बढ़ा सकता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता या सीमित प्रभाव के बीच मध्यम शक्तियों की भूमिका बढ़ना स्वाभाविक है। भारत, जो स्वयं उपनिवेशवाद और शीत युद्ध की राजनीति से सीख लेकर उभरा है, शांति-आधारित बहुपक्षवाद का पक्षधर बन सकता है। दूसरी ओर, दक्षिण एशिया में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक अस्थिरता का प्रभाव भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है और साथ ही दक्षिण एशिया में भी उथल-पुथल होती है, तो भारत को दो मोर्चों पर रणनीतिक सतर्कता रखनी होगी। आतंकवाद, कट्टरता और अवैध हथियारों का प्रसार ऐसे वातावरण में बढ़ सकता है। अत: भारत के लिए यह समय केवल आर्थिक प्रबंधन का नहीं, बल्कि सुरक्षा और कूटनीतिक संयम का भी है।


समाधान क्या हो सकता है? प्रथम, युद्धविराम और संवाद की बहुपक्षीय पहल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वैश्विक शक्तियों को यह समझना होगा कि स्थायी शांति केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि राजनीतिक समझौते और पारस्परिक सम्मान से आती है। द्वितीय, ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को तेज करना होगा, ताकि तेल-निर्भरता कम हो और भू-राजनीतिक संकटों का असर सीमित किया जा सके। तृतीय, वैश्विक संस्थाओं का पुनर्गठन आवश्यक है, ताकि वे केवल महाशक्तियों के प्रभाव का साधन न बनकर न्यायपूर्ण और प्रभावी मंच बन सकें। चतुर्थ, क्षेत्रीय संवाद मंचों-जैसे ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत के लिए भी यह अवसर है कि वह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अपनी परंपरा को व्यवहार में उतारे। शांति, सहअस्तित्व और संवाद का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर ठोस कूटनीतिक पहलों में दिखना चाहिए। यदि भारत ऊर्जा विविधीकरण, रक्षा आत्मनिर्भरता, डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता है, तो वह वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिरता बनाए रख सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सक्रियता-चाहे वह बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी हो या क्षेत्रीय देशों के साथ प्रत्यक्ष संवाद-भारत की अस्मिता और हितों की रक्षा के प्रयास का संकेत देती है।

निश्चित तौर पर युद्ध किसी भी देश के लिए स्थायी लाभ का माध्यम नहीं बन सकता। इतिहास गवाह है कि शक्ति-प्रदर्शन से अस्थायी विजय मिल सकती है, किंतु स्थायी शांति केवल न्याय, संवाद और सहयोग से ही आती है। नई बनती दुनिया को यदि स्थिर और मानवीय बनाना है, तो उसे हथियारों की दौड़ से आगे बढ़कर सहअस्तित्व की संस्कृति अपनानी होगी। भारत, जो स्वयं विविधता और सहिष्णुता का प्रतीक है, इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है।

चुनौती बड़ी है, किंतु अवसर भी उतना ही व्यापक है-शर्त यह है कि विश्व नेतृत्व युद्ध की भाषा छोड़कर शांति की भाषा सीखे और भारत अपने संतुलित, स्वायत्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस वैश्विक उथल-पुथल में स्थिरता का स्तंभ बने।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3817




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 3816 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □

एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3817



**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3816



## सूडोकु - 3817


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3816 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3817



**बाएँ से दाएँ**

1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

शब्द पहेली -3816 का हल



# 9000 करोड़ हो सकता है नोएडा का बजट

## 2200 करोड़ प्रोजेक्ट के लिए ग्राम विकास और जल राजस्व में बढ़ोतरी, रिव्यू बैठक में प्रस्ताव

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का 2026-27 का बजट करीब 9000 करोड़ के आसपास का होगा। इसमें सिविल कंस्ट्रक्शन यानी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 2200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ग्रामीण विकास के लिए 250 करोड़ और मैनटेनेंस पर करीब 2400 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। इसके अलावा न्यू नोएडा के मुआवजा रेट को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसको लेकर सभी विभागों से बजट का ब्यौरा मांगा गया है। इस बार कामर्शियल, इंस्टीट्यूशनल, आईटी सेक्टर की स्कीम को लॉच किया गया है। जिससे प्राधिकरण को बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। न्यू नोएडा की मुआवजा दर लगभग तय हो चुकी है। शासन से अंतिम मंजूरी मिलते ही अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है एक बजट का बड़ा हिस्सा उसमें भी शामिल किया जाएगा।




### बोर्ड से पहले रिव्यू में इस पर होगी चर्चा

विगत वित्तीय वर्ष के बजट, किया गया खर्च और प्राप्तियों को इसमें शामिल किया जाएगा।

अमिताभ कांत की कमेटी के प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। जिसमें बताया जाएगा कि कितनी रजिस्ट्री हो चुकी है। कितनी बची है कितने बिल्डरों 25 प्रतिशत की दर से बकाया जमा किया।

प्राधिकरणों में कार्य करने के लिए यूनिफाइड पॉलिसी (भूखंड आवंटन, निरस्तीकरण, लीज डीड, कब्जा) आदि पर चर्चा की जाएगी।

प्राधिकरण की कितनी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इससे कितना राजस्व मिल सकता है इस पर चर्चा होगी।

बिल्डर के अधूरे ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्रीज प्रोजेक्ट्स, इंस्टीट्यूशनल और कमर्शियल भूखंडो के पूर्ण होने पर विचार विमर्श।

पिछले एक साल में भूखंडों के आवंटन इंडस्ट्रियल, कमर्शियल, इंस्टीट्यूशनल की संख्या और एरिया पर चर्चा की जाएगी।

किसानों की भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा दर नियम करने का प्रस्ताव शामिल किया जा सकता है।

### 250 करोड़ से होगा ग्रामीण विकास

नोएडा प्राधिकरण इस बार ग्रामीण विकास के लिए करीब 250 करोड़ का बजट हो सकता है। ये बजट नोएडा के परिसीमन में आने वाले 81 गांवों के विकास से संबंधित होगा। जिसमें नालियों से लेकर सड़क, पानी, पार्क और अन्य विकास शामिल है। विगत वित्तीय वर्ष में ये बजट 224 करोड़ का था।

### 2200 करोड़ में सिविल इतना ही अनुरक्षण

वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 2400 करोड़ रुपए का बजट सिविल प्रोजेक्ट का था। इससे पहले 2024-25 में करीब 1200 करोड़ रुपए आरक्षित किए गए थे। ऐसे में इस बार 2200 करोड़ के आसपास बजट का अनुमान है। ताकि नई परियोजनाओं और रुकी हुई परियोजनाओं पर काम तेजी से किया जा सके। साथ ही इतना ही बजट अनुरक्षण कार्यो को मिल सकता है। क्योंकि नोएडा में मैनटेनेंस वर्क अब ज्यादा है।

### जल विभाग

जल विभाग में इस बार राजस्व का लक्ष्य कम किया जा सकता है। ये लक्ष्य पिछले दो वित्तीय वर्ष के अनुसार दिए गए लक्ष्य और प्राप्तियों को देखकर ही दिया जाएगा। यानी 2023-24 में 120 करोड़ राजस्व का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष करीब 153 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया। वहीं 2024-25 में करीब 150 करोड़ का लक्ष्य दिया था। इस बार जल राजस्व का लक्ष्य बढ़ेगा।

# सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष समेत कई पर केस दर्ज

## गलगोटिया यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन करने पर हुई कार्रवाई



**जेवर।** ग्रेटर नोएड की गलगोटिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ प्रदर्शन करने के मामले में समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष समेत चार नामजद और कई अज्ञात कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की शिकायत पर दनकौर कोतवाली में रविवार को यह कार्रवाई की गई।

मामले में सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर, प्रशांत भाटी, प्रिंस भाटी और अक्षय चौधरी को आरोपी बनाया गया है। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार एन.के. गौर ने पुलिस को तहरीर दी है।

रजिस्ट्रार के अनुसार, 19 फरवरी को इन आरोपियों ने यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था। इससे उस दिन आयोजित परीक्षाओं में शामिल लगभग 40 हजार छात्र-छात्राओं को असुविधा हुई। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बताया कि प्रदर्शन के कारण परीक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई और सुरक्षा व्यवस्था पर भी दबाव बना।

शिकायत में यह भी बताया गया है कि 28 फरवरी को भी इन कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई, हालांकि स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया था।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि रजिस्ट्रार की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## शार्ट न्यूज

### 14 साल के बच्चे के मुंह में घुसा सरिया

गौतम बुद्ध नगर। बिसरख कोतवाली क्षेत्र की अजनारा होम्स सोसायटी में सोमवार रात होली खेलते समय एक 14 वर्षीय बच्चे के मुंह में सरिया घुस गया। इस घटना में एक अन्य बच्चे के माथे पर भी सरिया लगने से वह घायल हो गया। निवासियों ने तत्काल दोनों बच्चों को यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद सोसायटी की मेंटेनेंस टीम पर लापरवाही का आरोप लगा है। आरोप है कि टीम ने पौधे लगाने के बाद नुकीले सरियों को खुला छोड़ दिया था, जिसकी चपेट में बच्चे आ गए। मुंह में सरिया घुसने के कारण घायल बच्चे को काफी खून बहने लगा था। सोसायटी निवासी अंकित मिश्रा ने बताया कि टावर एन में रहने वाले उमेश का 14 वर्षीय बेटा अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेल रहा था। ओपन एरिया में हरियाली के लिए लगाए गए पौधों के चारों ओर पतले सरिया लगे हुए थे। खेलते समय बच्चे के मुंह के पास से सरिया का नुकीला हिस्सा अंदर घुस गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे निवासियों ने तत्काल उसे उठाया और यथार्थ अस्पताल ले गए। अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया।

### नोएडा की सोसाइटी में होलिका दहन हुआ

**नोएडा।** नोएडा में होलिका पूजा के बाद दहन शुरू हो चुका है। इस दौरान नोएडा की सुपरटेक एमराल्ड सोसाइटी में होलिका दहन किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के सैकड़ों निवासियों ने परिवार सहित सहभागिता की और सामाजिक एकता का संदेश दिया। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया था। इस अवसर पर सोसाइटी के प्रेसिडेंट अनिल सचर ने विधि-विधान के साथ अग्नि प्रज्वलित कर होलिका दहन की शुभ शुरुआत की। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। सोसाइटी के चेयरमैन गौरव मेहरोत्रा ने सभी निवासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कहा कि होलिका दहन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सत्य की असत्य पर विजय और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारे समुदाय को एकजुट करते हैं और आपसी सौहार्द को मजबूत बनाते हैं। हमें गर्व है कि हमारी सोसाइटी में हर पर्व को मिलजुलकर, अनुशासन और गरिमा के साथ मनाया जाता है।

### युवक पर गोली चलाने का आरोप

#### हत्या के मामले की पैरवी के चलते हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में सोमवार को एक युवक पर गोली चलाने का आरोप लगा है। युवक अपनी पत्नी के साथ मंदिर से लौट रहा था, तभी गांव के कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि यह हमला पुरानी रंजिश और हत्या के एक मामले की पैरवी के चलते किया गया। हालांकि, पुलिस ने गोली चलने की घटना से इनकार किया है। जेवर के नीमका गांव निवासी राजकुमार ने बताया कि सोमवार को उनके भाई प्रेम सिंह और भाभी गांव के मुखिया मंदिर में पूजा करने गए थे। वहां पहले से मौजूद गांव के उमेश और राज ने उन्हें देखा। राजकुमार के अनुसार, आरोपियों ने अपने पिता को फोन कर प्रेम सिंह को घेरने की बात कही, जिसे भाभी ने सुन लिया। इसके बाद भाभी प्रेम सिंह को लेकर वापस लौटने लगीं। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उनका पीछा किया और माता के मंदिर के पास प्रेम सिंह पर गोली चला दी। प्रेम सिंह इस हमले में बाल-बाल बच गए। गोली की आवाज सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले।

### ग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार कार नाले में गिरी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खुले नाले में जा गिरी। यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र में गैलेक्सी गोल चक्कर से हनुमान मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर सर्वोत्तम स्कूल के पास हुई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और कार चालक सुरक्षित बाहर निकल आया। जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार चालक सुशील त्यागी रविवार रात गैलेक्सी गोल चक्कर से हनुमान मंदिर की ओर जा रहे थे। सर्वोत्तम स्कूल के पास उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने खुले नाले में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। फायर कर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद क्रेन की सहायता से कार को भी नाले से बाहर निकाला गया। चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

### दुष्कर्म के सह आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** अदालत ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म कराने में सहयोग करने वाले आरोपी हरमन सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने माना कि प्रथम दृष्टया आरोपी की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। मामला नोएडा सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल, पीड़िता ने 20 फरवरी 2026 को पुलिस को शिकायत दी थी कि चार अक्तूबर 2025 को सह आरोपी अमनदीप सिंह और हरमन सिंह उसे पार्टी के बहाने ले गए। वहां मौजूद सभी लोगों ने शराब पार्टी की। पांच अक्तूबर की सुबह हरमन सिंह उसे अपनी गाड़ी में सेक्टर-12 नोएडा ले गया और रास्ते में कुछ नशीला पदार्थ पिलाया।घटनास्थल पर अमनदीप सिंह पहले से मौजूद था। आरोप है कि हरमन सिंह उसे वहीं छोड़कर चला गया और इसके बाद अमनदीप सिंह ने नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी जमानत याचिका खारिज कर दी।

### हंगामे के बीच नई एओए का गठन हुआ

**नोएडा।** शहर की पारस टिएरा सोसाइटी में हंगामे के बीच नई एओए का गठन हुआ। देर रात तक चले मतगणता के बाद नौ लोगों की नई कार्यकारिणी चुनी गई। सेक्टर-137 स्थित पारस टिएरा सोसाइटी में रविवार को चुनाव अधिकारी विवेका सिंह के नेतृत्व में सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ। कुछ घंटे शांतिपूर्ण मतदान होने के बाद दोपहर होते ही मतपत्रों की पर्चिंया बांटने को लेकर हंगामा मच गया। करीब आधे घंटे चले हंगामे के कारण मतदान बाधित रहा। पुलिसकर्मियों के आने के कुछ देर बाद लोग शांत हुए और मतदान दोबारा शुरू हुआ।शाम पांच बजे तक मतपेटियां बंद कर दी गईं। सोसाइटी के निवासी प्रमोद वार्ष्णेय ने बताया कि शाम छह बजे के बाद मतों की गणना शुरू हुई, जो देर रात 1:30 बजे तक चली। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने सभी नौ निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। इनमें सुखपाल सिंह राणा को अध्यक्ष, अनंगपाल चौहान उपाध्यक्ष, विकास सालार सचिव, आदित्य देव कोषाध्यक्ष, संगीता तलूजा संयुक्त सचिव समेत डॉ जोली गुप्ता जैन, आस्था शर्मा, डॉ अमरनाथ और सोमशेखर झा को सदस्य के तौर पर चुना गया। सोमवार को नई एओए संग निवासियों की बैठक हुई ।

### लिव इन में रह रही युवती की मौत, प्रेमी पर केस

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी में प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की बहन ने प्रेमी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज लिया है। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक दिल्ली की रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी बहन स्वेता ग्रेनो वेस्ट की गार्डन सिटी वन सोसाइटी में राहुल के साथ लिव इन में रहती थी।28 फरवरी को उन्हें राहुल बैंसला नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनकी बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब वह घटनास्थल पर पहुंचीं तो उनकी बहन जमीन पर पड़ी थी।आरोप है कि आरोपी राहुल ने स्वेता की हत्या की। राहुल के स्वेता से वर्ष 2020-21 से संबंध थे। उसने स्वेता को विवाह का झांसा देकर धोखा दिया। आरोपी की बुआ और बहन 12 दिसंबर 2025 को दिल्ली स्थित उनके घर पर आए और धमकाने का प्रयास किया। परिजनों का कहना है कि स्वेता काफी खुशमिजाज थी। वह आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकती। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

#### गौतमबुद्ध नगर प्रशासन की पहल

# खाड़ी देशों में फंसे नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**नोएडा।** खाड़ी देशों में गौतमबुद्ध नगर के कई लोग हो सकते है। ऐसे में जिला प्रशासन ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर फोन करके उन लोगों का विवरण प्रशासन ने मांगा है जो वहां निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए, फंसे हुए हैं या हाल ही में वहां से भारत लौटे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित संपर्क एवं आवश्यक सहायता सुनिश्चित करना है।

ऐसे में यदि आपके परिवार, रिश्तेदारी या परिचय का कोई व्यक्ति खाड़ी देशों में है, तो उसका विवरण संबंधित तहसील/उपजिलाधिकारी कार्यालय या प्रशासन द्वारा निर्धारित माध्यम से जल्द से जल्द उपलब्ध करा सकते हैं। यह सूचना जनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से जारी की जाती है।




### इन नंबरों पर करे संपर्क

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, गौतमबुद्धनगर (98709 44876)

जिला आपदा विशेषज्ञ, गौतम बुद्ध नगर (81455 63077)

## नोएडा पुलिस ने 111 मोबाइल तलाश कर दिए

**नोएडा।** कोतवाली फेज दो पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लोगों के गुम हुए 111 मोबाइल फोन ढूंढ लिए। होली के पहले सोमवार को पीड़ितों को मोबाइल सौंपकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई गई। गुम हुए मोबाइल पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गुमशुदा मोबाइल पर काम किया जा रहा था। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, मेट्रो आदि से गुम होने वाले मोबाइल फोन की थानों पर आने वाली सूचनाओं को एकत्र किया गया। इसके बाद पुलिस की टीम ने उन मोबाइल को सर्विलांस व अन्य माध्यमों से पता करना शुरू किया। इसके बाद गुम हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले लोगों से पुलिस ने संपर्क किया और बताया कि आप दूसरे का मोबाइल इस्तेमाल कर रहे हैं।

# गंग नहर में डूबे बच्चे का नहीं मिला सुराग

## तीन दिन बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद, परिवार को 4 लाख की मदद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित दौला रजपुरा गांव के पास गंग नहर में डूबे चार वर्षीय मासूम अदनान का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। लगातार तलाशी अभियान के बाद सोमवार से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने राहत और बचाव कार्य रोक दिया है।



अधिकारियों ने बताया कि काफी प्रयासों के बावजूद बच्चे का पता नहीं चल पाया, जिसके बाद अभियान स्थगित करने का निर्णय लिया गया। यह घटना शुक्रवार शाम की है जब अदनान अपने बड़े भाई के साथ नहर किनारे खेल रहा था।

जानकारी के अनुसार, खेलते समय अदनान ने नहर में बहता हुआ नारियल देखा। उसे निकालने के लिए वह पानी में उतर गया और अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात तक परिजनों के साथ मिलकर तलाश करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली।

शनिवार सुबह से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और नहर में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। गोताखोरों और मोटरबोट की मदद से कई किलोमीटर तक तलाश की गई, लेकिन रविवार देर शाम तक भी बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

मासूम के लापता होने से परिवार में गहरा सदमा है। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की घोषणा की है। दनकौर पुलिस ने बताया कि बच्चे के परिजनों के अनुरोध पर ही राहत बचाव कार्य बंद किया गया है।

# नोएडा में सर्विस रोड पर मिला युवती का शव

## हत्या की आंशका, पेन कार्ड से हुई पहचान, शरीर पर चोट के निशान नहीं

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में सोमवार को महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, सर्विस रोड पर राहगीरों ने एक युवती का शव पड़ा देखा। सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 23 साल कविता के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को गाड़ी से लाकर सर्विस रोड पर फेंक दिया गया।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जिसने साक्ष्य जुटाए।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार अलग-अलग टीमें गठित की हैं। इन टीमों को गाड़ी और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और मृतका के परिजनों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जुनेदपुर में होली पर बंब-नगाड़ा प्रतियोगिता

### ग्रामीणों ने चौपाल पर पारंपरिक गीतों से मनाया उत्सव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर गांव में सोमवार को होली के अवसर पर पारंपरिक बंब-नगाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी गांव में अलग-अलग टोलियों ने बंब और नगाड़े बजाए। इस आयोजन में बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत नगाड़ा वादक गांव की गलियों से होते हुए चौपाल तक पहुंचे। चौपाल पर सभी ने सामूहिक रूप से नगाड़े बजाए और होली के पारंपरिक गीत व चौपाइयां गाईं। इस दौरान पूरा गांव रंगों, उमंग और ढोल-नगाड़ों की गूंज से सराबोर रहा। ग्रामीण सुनील प्रधान और मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि यह परंपरा गांव में वर्षों से चली आ रही है। होली पर सभी ग्रामीण चौपाल पर एकत्रित होकर एक-दूसरे को बधाई देते हैं और पारंपरिक गीतों के माध्यम से अपनी खुशी साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस नगाड़ा प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

# पुलिस से शिकायत पर छात्र को गोली मारी

## ग्रेटर नोएडा में बीबीए छात्र घायल, 4 पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के भट्टा गांव में पुलिस से शिकायत करने पर एक बीबीए छात्र को गोली मारकर घायल कर दिया गया। पीड़ित छात्र के पैर में गोली लगी है और उसका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद सहित चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

भट्टा गांव निवासी अचल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार रात उनके भाई सागर का गांव के सचिन समेत कुछ अन्य लोगों से विवाद हो गया था। इस विवाद में सागर घायल हो गए थे। पीड़ित पक्ष ने रविवार देर रात ही आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और सागर को अस्पताल में भर्ती कराया था।



अचल सिंह के अनुसार, अस्पताल से अपने भाई को लेकर गांव लौटते समय गली में पहले से घात लगाए बैठे आरोपी पक्ष ने उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान अचल सिंह के ताऊ के बेटे आकाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। घायल आकाश को तुरंत ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि आकाश बीबीए फर्स्ट ईयर का छात्र है। उनका आरोप है कि आरोपी दबंग हैं और उन्होंने रंजिश के चलते यह हमला किया है। पुलिस ने आरोपी सचिन, अमित और भूपेंद्र समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कपड़े बनाने वाली फैक्टरी जली

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक-3 उद्योग केंद्र स्थित फैक्टरी में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई। फैक्टरी में रेक्सीन का कपड़ा बनाने का काम किया जाता है। सूचना पर दमकल की टीम मौके पहुंची। दमकल के पहुंचने से पहले कर्मचारियों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया। सेक्टर ईकोटेक-3 अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सोमवार की दोपहर एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी।

# जेवर फिल्म सिटी में 'मॉम 2' की शूटिंग शुरू

**परियोजना में पहली बार गूंजी एक्शन की आवाज**

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी फिल्म सिटी परियोजना के लिए रविवार का दिन महत्वपूर्ण रहा।

ग्रेटर नोएडा स्थित बेव्यू भूटानी इंटरनेशनल फिल्म सिटी में फिल्म मॉम 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। यह इस फिल्म सिटी में शूट होने वाली पहली फिल्म बन गई है, जबकि यहां निर्माण कार्य अभी भी चरणबद्ध तरीके से जारी है। इस परियोजना के लिए भूमि का आवंटन 27 फरवरी 2025 को किया गया था। महज एक वर्ष के भीतर यहां सेट निर्माण शुरू हुआ और अब मॉम 2 की टीम कैमरे के साथ शूटिंग कर रही है। फिल्म के महत्वपूर्ण दृश्य और क्लाइमेक्स यहीं फिल्माए जा रहे हैं। यह सिर्फ शूटिंग की शुरुआत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में फिल्म व्यापार के लिए एक नई शुरुआत का संकेत है।



फिल्म सिटी में इस वर्ष कई अन्य फिल्मों की शूटिंग भी प्रस्तावित है। मॉम 2 के लिए तैयार किए गए सेट शूटिंग पूरी होने के बाद भी इसी तरह रखे जाएंगे, ताकि उनका उपयोग अन्य फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी किया जा सके। इससे यहां लगातार शूटिंग होती रहेगी और एक स्थायी रचनात्मक माहौल तैयार होगा।

# ग्रेटर नोएडा में बिजली के करंट से मजदूर की मौत

## परिजनों का मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में सोमवार को 11 हजार वोल्ट बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुआवजे और बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर भट्टा गांव स्थित बिजली कार्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन किया।

गांव निवासी 38 वर्षीय ताज मोहम्मद मकानों की चिनाई का काम करते थे।

सोमवार को वह गांव में ही एक निर्माणाधीन मकान में काम करने पहुंचे थे। काम के दौरान वह दीवार पर लटके बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए।

परिजनों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बिजली घर पर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बिजली के करंट से पहले भी करीब 10 लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद बिजली के तारों को ठीक नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीओ, जेई और अन्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह और विद्युत अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को मदद का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत मिलने पर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी रंजिश में खून से लाल हुई सड़क, युवक की हत्या से दहला किशनपुर

**धारदार हथियारों से हमला, पत्नी-बेटी समेत पांच घायल गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात**





पीलीभीत। थाना दियोरिया कला क्षेत्र के गांव किशनपुर में रविवार शाम जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पारिवारिक रंजिश में चचेरे भाइयों पर घर में घुसकर युवक की धारदार हथियारों से हत्या करने का आरोप है। हमले में मृतक की पत्नी, मासूम बेटी और बहन समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और तनाव का माहौल है।

### लंबे समय से चल रहा था विवाद

जानकारी के अनुसार किशनपुर निवासी हरिओम का अपने चचेरे भाइयों गंगाराम, सुनील, बब्बू और पवन से पुश्तैनी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

करीब दो माह पूर्व भी दोनों पक्षों में टकराव हुआ था, जिस पर पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई कर मामला शांत कराया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय सख्त कार्रवाई न होने से विवाद की चिंगारी सुलगती रही।

### घर में घुसकर घसीटा, सड़क पर बरसाए वार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार शाम आरोपित पक्ष अपने साथियों के साथ हरिओम के घर में घुस आया। पहले मारपीट और गाली-गलौज हुई, फिर हरिओम को घसीटकर बाहर सड़क पर ले जाया गया और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला किया गया। हमले की बर्बरता इतनी थी कि हरिओम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### बचाने आई पत्नी-बेटी पर भी हमला

पति को बचाने दौड़ी पत्नी सोनी, बेटी प्रियांशी, बहन लता व अन्य परिजनों पर भी हमला कर दिया गया। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

पुलिस पहुंची, आरोपियों की तलाश जारी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान और थानाध्यक्ष गौतम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दबिश दी जा रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेने की भी सूचना है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर जमीनी विवादों के खतरनाक रूप पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मिशन शक्ति पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, विद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने, यौन उत्पीड़न से बचाव एवं उसके विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाने, तथा साइबर अपराधों से बचने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों तथा विभिन्न आपातकालीन



हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।आपात सहायता हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति जागरूकता टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा साइबर ठगी की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल एवं प्रभावी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नारी सुरक्षा केवल दायित्व नहीं, ललितपुर पुलिस का दृढ़ संकल्प है।

# योगी ने बटुक से मारपीट करने पर पुलिस को फटकारा

**वाराणसी।** सीएम योगी 2 दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। पहले दिन रविवार को उन्होंने सर्किट हाउस में बैठक की। इस दौरान उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में बटुक के साथ मारपीट को लेकर अफसरों को फटकार लगाई। नाराजगी जताते हुए कहा कि दर्शनार्थियों के साथ पुलिस को दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। यहां दुर्व्यवस्था की भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। दरअसल, 27 फरवरी को काशी में बाबा विश्वनाथ धाम के गेट पर सिपाही ने एक बटुक को पीट दिया था। सिपाही ने उसे 3 थप्पड़ जड़े थे। फिर दरोगा ने उसके बाल खींचे और धक्का देकर बैरिकेडिंग के पीछे कर दिया था। उसे लाइन में लगने नहीं दिया था। रविवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए, जिससे यहां आने वाले भक्तों को दिक्कत न हो। साथ ही पुलिस को भी सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में ऐसी शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। अपराध पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की ढील नहीं चलेगी। सीएम ने आने वाले त्योहारों को लेकर भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होली पर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई हो। त्योहार शांतिपूर्वक निपट सकें, इसके लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी 24 घंटे मुस्तैद रहें। सीएम ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की पहुंचने की व्यवस्था की जाए।

## प्रेमी देवर के हमले में घायल भाभी की मौत

**झांसी।** झांसी में ब्रेकअप के बाद देवर के जानलेवा हमले में घायल भाभी की मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। देवर ने 28 फरवरी को चाकू से सीने, पेट और गले पर वार किए थे। इससे आतें बाहर निकल आई थीं। हमले के बाद देवर न्यूड अवस्था में भाग गया था और घर से करीब 300 मीटर दूर जाकर पेड़ पर लटककर जान दे दी थी। बताया जा रहा है कि देवर और भाभी के बीच प्रेम संबंध थे, लेकिन भाभी उससे ब्रेकअप कर चुकी थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने यह कदम उठाया था। वारदात प्रेमनगर थाना क्षेत्र की है। माया देवी (35) अपने पति राकेश साहू और 5 साल की बेटी के साथ प्रेमनगर के नैनागढ़ में रहती हैं। राकेश साहू ने बताया- मैं लोडिंग गाड़ी चलाता हूं। मेरी शादी 7 साल पहले माया से हुई थी। मोहल्ले में ही मेरी मौसी का बेटा महेंद्र साहू भी रहता है। महेंद्र और मेरी पत्नी के बीच अफेयर हो गया था, लेकिन इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। डेढ़ साल पहले मैं और महेंद्र अहमदाबाद की एक फैक्ट्री में साथ काम करते थे। एक दिन महेंद्र ने मुझसे कहा कि वह भाभी को लेने जा रहा है। इसके बाद वह झांसी आया और मेरी पत्नी को लेकर दिल्ली भाग गया। तभी मुझे दोनों के अफेयर के बारे में पता चला। बाद में उनके रिश्तों में खटास आई तो पत्नी घर वापस आ गई।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 14,742 बच्चों का निःशुल्क उपचार

**जन्मजात 44 बीमारियों का मुफ्त इलाज, हृदय रोग से पीड़ित किशोर का सफल ऑपरेशन**

संवाददाता

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत जनपद में जन्मजात 44 प्रकार की बीमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में पाई जाने वाली गंभीर बीमारियों का चिन्हांकन कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सालयों में मुफ्त सर्जरी एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

### अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक उल्लेखनीय उपलब्धि

सीएमओ ने बताया कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक 68 बच्चों की विभिन्न गंभीर बीमारियों की निःशुल्क सर्जरी कराई गई।

9 बच्चों की हृदय सर्जरी एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में

25 बच्चों का क्लब फुट का उपचार जिला अस्पताल में

15 बच्चों की कटे होंठ व तालु की सर्जरी सरस्वती हॉस्पिटल बरेली में

2 बच्चों का न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट का ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज झांसी में

9 बच्चों का उपचार जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में कराया गया।

### 17 वर्षीय किशोर को मिला नया जीवन

आरबीएसके टीम ने हृदय रोग से पीड़ित 17 वर्षीय राजीव कुमार, निवासी ग्राम डंडिया लच्छी (ब्लॉक बरखेड़ा) का चिन्हांकन किया। उसे जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया, जहां सफल ऑपरेशन के बाद अब वह पूर्णतः स्वस्थ है। 4Ds के तहत व्यापक उपचार अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक 4Ds (जन्मजात दोष, बीमारियां, पोषण संबंधी कमी और विकास में देरी) से प्रभावित कुल 14,742 बच्चों का निःशुल्क उपचार कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि बच्चों में किसी प्रकार की जन्मजात विकृति या गंभीर बीमारी के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल आरबीएसके टीम से संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं।

# बृज होली महोत्सव में उमड़ा भक्तिरस, गूंजे राधे-राधे के जयकारे

**लड्डू मार होली, फूलों की वर्षा और चैतन्य महाप्रभु के अभिषेक दर्शन ने भक्तों को कराया वृंदावन का एहसास**

**पीलीभीत।** श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित बृज होली महोत्सव इन दिनों पूरे भक्तिरस के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के तृतीय और चतुर्थ दिवस पर नगर के प्रमुख मंदिरों में भव्य होली उत्सव आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। महोत्सव के तृतीय दिवस पर नगर के श्री राधारमण मंदिर में दिव्य होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राधारमण जी की भव्य श्रृंगार आरती से हुई, जिसके पश्चात संकीर्तन प्रारंभ हुआ। बृज की प्रसिद्ध लड्डू मार होली और फूलों की होली ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा करते हुए गुलाल लगाकर नृत्य करते नजर आए।



उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा पीलीभीत श्रीधाम वृंदावन में परिवर्तित हो गया हो।

संकीर्तन के दौरान रसिया को नार बनाओ री रसिया को, मेरो खोए गयो बाजू बंद रसिया होरी में, तोहे सूजी कहा अलमस्त गुजरिया होली खेलन को आई रे और रंग में रंग दई बाह पकड़ लई लाजन मर गई होली में जैसे पारंपरिक होली गीतों पर मंडल के सदस्यों ने ऐसा समां बांधा कि भक्त झूम उठे। संकीर्तन से पूर्व मंडल के वरिष्ठ सदस्य नीरज रस्तोगी, डॉ. एस.के. अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्र और अतुल अग्रवाल ने सभी भक्तजनों को ठाकुर जी का प्रसादी अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमोद पंत, राजीव अग्रवाल, दीपक गोयल, अटल शुक्ला, अर्पित शुक्ला, पंकज रस्तोगी, उमेश चंद्र, अभिलाष कुमार, मनीष अग्रवाल, ओम वर्मा, शिवांश सक्सेना, अजय पांडे, मुदित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। वहीं महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्री गौरधाम मंदिर, साहूकारा में सायं 5 बजे से भव्य होरी उत्सव का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री चैतन्य महाप्रभु जी के अभिषेक दर्शन का दिव्य सौभाग्य प्राप्त हुआ। भक्तजन सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर भक्ति में लीन रहे। मंडल की ओर से सभी भक्तों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया। पूरे आयोजन में राधे-राधे के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा और श्रद्धालु बृज की होरी के रंग में सराबोर नजर आए।

## गन्ना राज्य मंत्री ने अमरिया क्षेत्र का किया दौरा



पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार को अमरिया क्षेत्र के कई गावों का दौरा किया। इस दौरान राज्य मंत्री श्री गंगवार ने भरापचपेड़ा में गत दिनों फैक्ट्री में काम करते समय मिट्टी की ढेर गिरने से उसके नीचे दबकर मृत हुए बब्लू के परिजनों से भेट की और उसकी पत्नी को 12 लाख की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस मौके पर यूपी सीडा के अधिकारियों से बात कर मृतक के परिजनों को कोई सहायता प्रदान न किये जाने पर नारजगी जाहिर की और परिवार को हर संभव सहायता देने के निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्री गंगवार ने इस मौके पर मौजूद एएसपी नताशा गोयल को निर्देश दिये कि किसी भी कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जानी चाहिये और विना हेलमेट किसी भी कर्मचारी को काम पर नहीं जाने दिया जाय। उन्होने कहा कि इसकी यदा कदा चेकिंग की जानी चाहिये। इसके बाद राज्य मंत्री श्री गंगवार करगैना पीरा में अर्जुन के घर पर पहुंचे जहां उसके चाचा की हुई मृत्यु पर परिजनों से मिलकर शो संवेदना व्यक्त की। इसके अलावां क्षेत्र के कई अन्य परिवारों से भेट की और उनका कुशल क्षेम जाना।

# कारोबारी की पत्नी को नौकरानी ने मार डाला

**बेटे के साथ मिलकर तकिए से मुंह दबाया; महोबा में चूड़ी के टुकड़े से खुला राज**

महोबा। महोबा में कारोबारी की पत्नी की हत्या घर की नौकरानी और उसके बेटे ने की थी। घटनास्थल पर मिले चूड़ी के टुकड़े से पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए नौकरानी और उसके बेटे को अरेस्ट कर लिया।

शहर के खोया मंडी क्षेत्र में यह हत्या 25 फरवरी को हुई थी। नौकरानी ने पुलिस को बताया- मालकिन छोटी-छोटी बातों पर डांटती थी, बेइज्जती करती थी। इसलिए उन्हें मार डाला।

किराना व्यापारी संतोष पुरवार अपनी पत्नी किरन के साथ खोया मंडी इलाके में रहते थे। उनकी एक बेटी आकांक्षा पुरवार हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। वह अपनी ससुराल में रहती हैं। किरन को पैरालसिस अटैक आ चुका था। इसलिए उन्होंने घर के कामकाज के लिए एक हेल्पर आशा रैकवार (40) को रखा था।

संतोष रोज की तरह 25 फरवरी को भी सुबह-सुबह अपनी दुकान चले गए। घर पर पत्नी किरन और नौकरानी आशा ही थे। रात को दुकान बढ़ाने के बाद जब लौटे, तो घर का दरवाजा खुला पड़ा था।

अंदर कमरे में गए तो किरन बेड पर मृत पड़ी थीं। कान से झुमके नोचे गए थे।

लग रहा था कि लूटने के बाद हत्या की गई है। इसके बाद संतोष ने पुलिस को फोन किया। पुलिस को भी शुरुआती जांच में लूट की घटना ही लग रही थी।

## ब्रज में विदेशी महिलाएं झूमकर नाचीं

मथुरा। ब्रज में होली की धूम है। सोमवार को वृंदावन में हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आया। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने प्रियाकांत जू के चरणों में रंग अर्पित कर होली की शुरुआत की। इसके बाद हाइड्रोलिक पिचकारी से भक्तों और श्रद्धालुओं पर अबीर-गुलाल उड़ाया। जैसे ही महाराज ने होली के रसिया गाने शुरू किए, पूरा मंदिर जयघोष से गूंज उठा। वहीं, प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में निराश्रित और विधवा माताओं के लिए विशेष होली का आयोजन किया गया। 1000 से अधिक विधवा और निराश्रित महिलाएं होली के भजन पर अबीर-गुलाल उड़ाकर जमकर नाचते-झूमते दिखीं। इनके साथ विदेशी महिलाएं भी झूमती नजर आईं। विदेशी पर्यटकों ने कहा- यह अद्भुत अनुभव है और उन्हें बहुत आनंद आ रहा। ऐसी होली पहले कभी नहीं देखी। इस तरह के आनंद की अनुभूति पहली बार हुई है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान, लोगों की सेहत से खिलवाड़ बरदाश्त नहीं : डीएम

**डीएम के निर्देश पर पुलिस व प्रशासनिक टीम ने शहर के कई प्रतिष्ठानों पर मारा छापा**

**ललितपुर।** होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम और जनसामान्य के स्वास्थ्य के प्रति जिलाधिकारी सत्य प्रकाश बेहद गंभीर हैं, जिसके लिए उन्होंने त्यौहार के पूर्व से ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों को ऐसे मिलावटखोरों की धरपकड़ के लिए एक्टिव कर दिया है, जिसके फलस्वरूप जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में ये टीमें युद्ध स्तर पर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कर रहीं हैं और मौके पर मिल रहे नकली खाद्य पदार्थों को नष्ट भी करा रहीं हैं।इस संबंध में जिलाधिकारी का कहना है कि किसी भी दशा में जनपदवासियों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलता रहेगा और अगर कोई अब भी मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों का व्यापार करता हुआ पाया



जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के चलते सोमवार को टीम ने नगर में स्थित होटल, भोजनालय एवं मिष्ठान भण्डार आदि का निरीक्षक किया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानन्द राय व राजस्व टीम मौके पर पाठक स्वीटस व आनन्द भोजनालय का निरीक्षण कर मिष्ठान आदि का नमूना लेकर जाँच हेतु लेब में भेजा। इसके साथ ही दा ग्राण्ड सिददी होटल सिविल लाईन, ललितपुर का भी निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के समय पायी गयी कमियाँ यथा अग्निशमन आदि की व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरूस्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त खाद्य सामग्री विक्रेताओं को निर्देशित किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने लौटाए 21 हजार रुपये के मोबाइल

ललितपुर। जाखलौन पुलिस टीम ने दो गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया। इन मोबाइलों का कुल बाजार मूल्य लगभग 21 हजार रुपए आंका गया है, जिन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जाखलौन पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर दो गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया । पीड़ितों का मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना जाखलौन पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी ।

## खामेनेई की मौत पर लखनऊ में शोक

उत्तर प्रदेश। ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरु आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पुराने लखनऊ के शिया बहुल इलाकों में पहुंचकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शिया समुदाय के प्रमुख धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद से मुलाकात की और खामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, आयतुल्लाह अली खामेनेई ने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया, बल्कि बहादुरी से मुकाबला करते हुए शहादत का रास्ता चुना। हम उनकी शहादत को सिर झुकाकर नमन करते हैं। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, खामेनेई की शहादत पर मोदी सरकार की खामोशी बेहद शर्मनाक है। यह न केवल सरकार के नैतिक पतन को उजागर करती है, बल्कि भारत की उस महान सभ्यता पर भी सवाल उठाती है, जिसने हमेशा दुनिया में शांति और रोशनी फैलाने का काम किया है। अजय राय ने आगे कहा कि भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने गहरे संबंध रहे हैं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने अपने कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इन संबंधों को तोड़ दिया है।

## मुजफ्फरनगर में इमरजेंसी कंट्रोल रूम शुरू

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के मद्देनजर एक इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर कंट्रोल रूम शुरू किया है। यह कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य उन परिवारों की सहायता करना है जिनके सदस्य युद्ध प्रभावित देशों में फंसे हुए हैं। इसके लिए 1077 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जो 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच जारी तनावपूर्ण स्थिति ने मुजफ्फरनगर के सैकड़ों परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। जिले के कई लोग इजरायल, दुबई, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों में काम करने गए हुए हैं, जिससे उनके परिजन उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। यह कंट्रोल रूम ऐसे व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने या प्राप्त करने के लिए बनाया गया है जो इन बाहरी देशों में फंसे हुए हैं। कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करके अपने परिजनों से संबंधित जानकारी साझा कर सकता है या सहायता मांग सकता है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन परिवारों के सदस्य युद्धग्रस्त देशों में फंसे हुए हैं, उन्हें हर संभव सरकारी मदद प्रदान की जाएगी।

## मां की पेंशन के लिए बड़े भाई की हत्या

**संभल।** संभल में छोटे भाई ने बेटों के साथ मिलकर मां की पेंशन के लिए बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों के बीच 8 साल से विवाद चल रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। रविवार को एक रिश्तेदार की पहल पर पेंशन के बंटवारे को लेकर पंचायत भी हुई थी। इसमें मां ने अपने छोटे बेटे के साथ रहने और रुपए देने से मना कर दिया था। पंचायत के दौरान छोटे भाई ने धमकी देते हुए कहा था- अब पैसे तो तुझे मार कर ही लूंगा। मामला ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र का है। राजी खेड़ा गांव में वेद प्रकाश रहते थे। वह प्राथमिक विद्यालय में टीचर थे। उनके तीन बेटे संजीव (56), ब्रजकिशोर (52) और नवीन (45) हैं। साल 2006 में उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी ओमवती देवी को पेंशन मिलने लगा। गांव में ही वेद प्रकाश के 2 बेटे संजीव और ब्रजकिशोर रहते हैं। संजीव का एक बेटा योशित (35) है जो गुड़गांव में एक प्राइवेट कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। ब्रजकिशोर अपने दो बेटों अर्पित और अपूर्व और पत्नी के साथ रहता है।

## नाबालिग से रेप आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाने की पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ रेप की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। इस मामले में पीड़िता के भजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि आरोपी सिकंदर राजभर जो की जहानागंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। शादी का झांसा देकर नाबालिक के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। आरोपी से जब शादी करने की बात पीड़िता करती थी तो आरोपी गाली गलौज करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देता था। ऐसे में परिजनों की तहरीर पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। इसी दौरान पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। बरामद पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होने के बाद लगातार पुलिस छापेमारी करने लगी। मामले की विवेचना कर रहे हैं सब इंस्पेक्टर आरोपी की तलाश में जुटे हुए थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिलेगी घटना में शामिल आरोपी सिकंदर राजभर कहीं फरार होने वाला है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## देवरिया में होली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**देवरिया।** देवरिया जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिले में कुल 2081 स्थानों पर होलिका दहन होगा। प्रशासन ने संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक थाने पर त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है। मजिस्ट्रेटों की तैनाती सोमवार से बुधवार तक के लिए की गई है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। सोमवार रात होलिका दहन के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। होली के दिन सुबह से ही पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी। प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। प्रत्येक थाने पर पहले से ही पर्याप्त बल उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, पुलिस लाइन से 12 इंस्पेक्टर, 98 उपनिरीक्षक और लगभग 400 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है।

## लखनऊ में सड़क हादसे में दंपती की मौत

लखनऊ। लखनऊ के बीबीडी इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फरसतीपुर गडिया बाराबंकी के रहने वाले देवेंद्र कुमार वर्मा (50) लखनऊ में फैक्ट्री में काम करते थे। बेहटा इलाके में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को पत्नी सीता देवी के साथ बाराबंकी में एडमिट रिश्तेदार को देखने गए थे। वहां से शाम करीब 5 बजे लौट रहे थे। अनौरा कला गोयल अस्पताल के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। दोनों उछलकर दूर जाकर गिरे। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। देवर उपेंद्र वर्मा ने बताया कि परिवार में दो बच्चे हैं, एक बेटा आदित्य और बेटी आदिति है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक कार्यकर्ता सूमरो के घर छापा, प्रताड़ना का आरोप

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची के मलीर रियो गांव में जीए सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) के यूके समन्वयक मोहम्मद ओसामा सूमरो के पैतृक घर पर शुक्रवार देर रात छापा पड़ा। परिजनों के अनुसार करीब नकाबपोश 15 हथियारबंद ने बिना वारंट घर में घुसकर तलाशी ली और तोड़फोड़ की। परिजनों का आरोप है कि सूमरो की राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें धमकाया गया और एक महीने के भीतर सरेंडर न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई। इस दौरान घर से नकदी और दस्तावेज गायब होने का भी दावा किया गया है।

### सोशल मीडिया पर तिब्बती भाषा व संस्कृति साझा करने पर पाबंदी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्वाइशू पर तिब्बती भाषा, संस्कृति और धार्मिक पहचान से जुड़ी सामग्री पर शिकंजा कसा है। पारंपरिक पोशाक पहनने, तिब्बती लिपि का उपयोग करने या धार्मिक गुरुओं की तस्वीरें साझा करने पर अकाउंट निलंबित किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार पूर्व कैदियों और कार्यकर्ताओं के पुराने अकाउंट्स को भी स्थायी रूप से हटा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि लाइव स्ट्रीम के दौरान बैकग्राउंड में तिब्बती शब्द दिखने पर भी प्रसारण रोक दिया जाता है।

### लंदन के ताज में भारतीय भव्यता और आधुनिकता का होगा संगम

**लंदन , एजेंसी।** लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित ऐतिहासिक ताज होटल नए स्वरूप में सजकर लगभग तैयार हो गया है। 16वीं शताब्दी की विरासत को सहेजे इस प्रतिष्ठित होटल के नवीनीकरण का काम अंतिम चरण में है। इसे अप्रैल अंत तक आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। होटल की प्रबंधक कोरिना लुबे ने कहा कि हमारा लक्ष्य मेहमानों को भारतीय भव्यता के साथ आधुनिक लग्जरी का अनुभव देना है। होटल ने अब वेडिंग लाइसेंस भी हासिल कर लिया है। मिशेलिन-स्टार शेफ श्रीराम अय्युर के नेतृत्व में यहां का प्रसिद्ध भारतीय तटीय व्यंजन अब यूरोप के अन्य हिस्सों तक विस्तार के लिए तैयार है।

### पश्चिम एशिया में तनाव : यूएन महासचिव बोले- अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा, बड़ी चेतावनी भी दी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक राजनीति को हिला कर रख दिया है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के सैन्य और नेतृत्व केंद्रों पर हमलों के बाद क्षेत्र में सुरक्षा खतरे बढ़ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रमुख युद्ध अभियानों की घोषणा की, जबकि ईरान ने जवाबी हमलों से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ा दिया। ऐसे में बढ़ते संघर्ष को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस पूरे मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। गुटेरेस ने कहा कि हालात अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सैन्य कार्रवाई सबसे अस्थिर क्षेत्र में अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला को जन्म दे सकती है, जिसे कोई नियंत्रित नहीं कर सकता। गुटेरेस ने कहा कि हालात बहुत ही बदलते हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने ईरानी सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### बोलीविया में विमान हादसा, मृतकों की संख्या 22 पहुंची

**ला पाज , एजेंसी।** बोलीविया की राजधानी ला पाज के पास एक सैन्य मालवाहक विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। यह विमान 18 टन नई छपी मुद्रा लेकर जा रहा था। हादसे में 29 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें ज्यादातर आम यात्री थे, क्योंकि विमान सड़क के पास गिरा था। रक्षा मंत्री मार्सेलो सालिनास ने बताया कि हरक्यूलिस ष्ट- 130 विमान सांता क्रूज से नई करेंसी लेकर एल आल्टो एयरपोर्ट पर उतर रहा था। लैंडिंग के दौरान विमान रनवे से फिसलकर पास के खेत में जा गिरा और उसमें आग लग गई। हादसे में 15 से ज्यादा गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुईं। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सड़क पर नोट बिखरे हुए दिखे, जिन्हें लोग उठाने की कोशिश कर रहे थे। स्थिति को संभालने के लिए 500 से ज्यादा सैनिक और 100 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष डेविड एस्पिनोजा ने कहा कि ये नोट कभी प्रचलन में नहीं आए थे, इसलिए उनकी कोई कानूनी मान्यता नहीं थी। लूटपाट रोकने के लिए नकदी के बक्सों को अधिकारियों की मौजूदगी में जला दिया गया।

# 'एकजुट हों, बनाए स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य', खामेनेई की मौत के दावों के बीच ईरानी जनता से बोले रजा पहलवी

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ऐसे में ये तनाव और तब बढ़ गया जब इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया कि हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह आली खामेनेई मारे गए। इन दावों के बाद ईरान के निर्वासित शाही राजकुमार रजा पहलवी ने ईरानी लोगों को एकजुट होने और देश के लिए स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य की दिशा में सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने का संदेश दिया।



पहलवी ने कहा कि खामेनेई के उत्तराधिकारी की नियुक्ति का कोई प्रयास सफल नहीं होगा और सेना व सुरक्षा बलों से आग्रह किया कि वे गिरते शासन को बचाने की कोशिश न करें। उन्होंने जनता को सतर्क और एकजुट रहने की अपील की और कहा कि जल्द ही व्यापक जनसैनिक आंदोलन की आवश्यकता है।

**ईरान पर हमले और जवाबी कार्रवाई :** बता दें कि अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए। तेहरान और देश के कई बड़े शहरों में तेज धमाके सुने गए। इसके तुरंत बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी और इस्राइली ठिकानों को निशाना बनाया। इतना ही नहीं तेहरान और अन्य स्थानों में कई विस्फोटों की खबरें मिलीं।

**रजा पहलवी का संदेश :** निर्वासित ईरानी शाही राजकुमार रजा पहलवी ने शनिवार को ईरान के लोगों से एकजुट होने और एक स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य की ओर सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खामेनेई के उत्तराधिकारी के लिए किसी भी प्रयास की सफलता नामुमकिन है। पहलवी ने देश की सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों से कहा कि वे गिरते हुए शासन को बचाने की कोशिश न करें और जनता के साथ मिलकर देश के भविष्य का निर्माण करें। पहलवी ने कहा कि खामेनी की मौत उन परिवारों के लिए सांत्वना हो सकती है जिन्होंने ईरान की राष्ट्रीय क्रांति के दौरान अपने प्रियजनों को खोया। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और एकजुट रहने की अपील की, और कहा कि जल्द ही व्यापक जनसैनिक और निर्णायक आंदोलन की आवश्यकता है।

**पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा :** गौरतलब है कि इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद ईरान ने तीव्र जवाबी कार्रवाई की, जिससे क्षेत्रीय देशों में सुरक्षा स्थिति नाजुक हो गई है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह संघर्ष किसी बड़े क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ गई है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें इस संवेदनशील स्थिति पर टिकी हुई हैं।

## मेक्सिको में परिवार को सौंपा गया 'एल मेंचो' का शव

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको की सरकार ने देश के कुख्यात ड्रग माफिया सरगना नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वांतेस, जिसे 'एल मेंचो' के नाम से जाना जाता था, का शव उसके परिवार को सौंप दिया है। एल मेंचो को पिछले हफ्ते मैक्सिकन सेना ने एक अभियान में मार गिराया था। अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने बताया कि सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। डीएनए जांच से यह पुष्टि की गई कि शव लेने वाला व्यक्ति उसका करीबी रिश्तेदार है। एल मेंचो मेक्सिको के सबसे ताकतवर ड्रग कार्टेल 'जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल' का सरगना था। उसकी मौत के बाद करीब 20 राज्यों में हिंसा भड़क उठी, जिसमें 70 से ज्यादा लोगों की जान गई। इस हिंसा से आने वाले फीफा वर्ल्ड कप से पहले पर्यटन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अमेरिका के विदेश विभाग ने उसकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया था। फरवरी 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन ने इस कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था। एल मेंचो की मौत को मेक्सिको सरकार की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## गिनिया ने सीमा विवाद के बीच सिएरा लियोन के 16 सैनिक और पुलिसकर्मियों को रिहा किया

**गिनिया , एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीका के देशों गिनिया और सिएरा लियोन के बीच पिछले कुछ दिनों से बढ़े सीमा विवाद के बीच, गिनियाई अधिकारियों ने गुरुवार को सिएरा लियोन के 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया। यह जानकारी सिएरा लियोन की सूचना मंत्री ने अपने आधिकारिक बयान में दी। ये अधिकारी उस समय गिरफ्तार किए गए थे जब सीमा क्षेत्र के कस्बे कालीयेरेह में वे सीमा चौकी और उसके रहने-वाले अस्थायी ढांचे की मरम्मत का काम कर रहे थे, जबकि गिनियाई सैनिकों ने आरोप लगाया कि वे बिना अनुमति गिनियाई क्षेत्र में घुस आए थे। सिएरा लियोन की सरकार ने कहा कि रिहाई कूटनीतिक प्रयासों और विदेश मंत्री आलहाजी टिमोथी कब्बा के नेतृत्व वाली टीम के कोंक्री की यात्रा के बाद संभव हुई है। दोनों देशों के बीच लगभग दो दशक पुराना यह सीमा विवाद सिएरा लियोन के 1991-2002 के गृह युद्ध से शुरू हुआ, जब गिनियाई सेना को पूर्वी सीमा की मदद के लिए बुलाया गया था, लेकिन युद्ध के बाद पूरी तरह वापस नहीं लौटाया गया था।

## ब्रिटेन: विशेष चुनाव में ग्रीन पार्टी विजयी

**लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की ग्रीन पार्टी ने संसद की एक सीट के लिए हुए विशेष चुनाव में शुक्रवार को जीत हासिल की है। इसे छोटे दल के लिए बड़ी सफलता व पीएम कीर स्टॉर्मर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।**

**स्टार्मर की मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। ग्रीन पार्टी की उम्मीदवार हन्ना स्पेंसर को शुक्रवार तड़के गॉर्टन और डेंटन सीट से विजेता घोषित किया गया, जिन्हें 14,980 वोट मिले।**

## क्यूबा के तट पर गोलीबारी: फ्लोरिडा से चली नाव पर एक्शन और मौतें

**हवाना, एजेंसी।** क्यूबा के तट के पास बुधवार को एक घरेलू विवाद की स्थिति में गोलीबारी हुई, जिसमें क्यूबा की सीमा रक्षा बलों ने एक फ्लोरिडा पंजीकृत तेज नाव को रोकने की कोशिश की। क्यूबा सरकार का कहना है कि नाव में सवार लोगों ने पहले गोलियां चलाई, जिससे क्यूबाई अधिकारियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। रिपोर्टों के अनुसार, नाव में करीब 10 लोग सवार थे, और इस मुठभेड़ में समुद्र में 4 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए, जबकि क्यूबा के एक अधिकारी को भी चोट आई।

क्यूबा सरकार का कहना है कि नाव में हथियार, मोलोतोव कॉकटेल और सैन्य प्रकार के उपकरण थे, और इसे 'शत्रुतापूर्ण घुसपैठ' की कोशिश बताया जा रहा है। वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीधे अपनी सरकार की भूमिका से इनकार किया है और अमेरिकी एजेंसियां इस घटना की स्वतंत्र जांच कर रही हैं।

### वेनेजुएला में रिहा नेता ने एकता की अपील की

**काराकास , एजेंसी।** वेनेजुएला के नेता एनरिक मार्केज, जिन्हें 2024 के चुनाव परिणामों को चुनौती देने के बाद जेल भेजा गया था, रिहा होने के बाद देश में एकता की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब समय है कि सरकार और विपक्ष मिलकर देश के भविष्य पर काम करें। मार्केज को जनवरी 2025 में आतंकवाद और देशद्रोह जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि हिरासत के दौरान उन्हें कई महीनों तक परिवार से मिलने नहीं दिया गया। हाल ही में आम माफी कानून के तहत उन्हें रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि देश लंबे समय से राजनीतिक टकराव में फंसा है और अब आगे देखने की जरूरत है। उन्होंने खुद को एक जोड़ने वाली ताकत बताया, जो देश के पुनर्निर्माण में भूमिका निभाना चाहती है।

## अगर अटैक किया तो ऐसी ताकत से हमला करेगा, जो कभी देखा नहीं होगा' ट्रंप की ईरान को नई धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इस्राइल और अमेरिका के संयुक्त हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने खामेनेई की मौत का बदला लेने की धमकी देते हुए इस्राइल और अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले जारी कर दिए है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को नई चेतावनी जारी कर दी है।



राष्ट्रपति ट्रंप ने पोस्ट में लिखा, 'ईरान ने अभी-अभी कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करेंगे, जितना उन्होंने पहले कभी नहीं किया। लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन पर ऐसी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई।'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर घातक हमला करने के फैसले का व्हाइट हाउस ने बचाव किया। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल खतरों और परमाणु गतिविधियों से संबंधित खुफिया जानकारी ने अमेरिका के पास 'कोई विकल्प नहीं' छोड़ा था।

एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने ऑपरेशन 'एपिक फ्यूरी' को जवाबी कार्रवाई नहीं बल्कि पूर्व-नियोजित और रक्षात्मक कार्रवाई बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने फैसला किया कि वह चुपचाप बैठकर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं को पारंपरिक मिसाइलों के हमलों का सामना नहीं करने देंगे।

नाम न छापने की शर्त पर बोलते हुए, अधिकारियों ने बताया कि तात्कालिक चिंता दक्षिणी क्षेत्र में ईरान की 'पारंपरिक मिसाइल क्षमता' और परमाणु हथियार हासिल करने की उसकी काफी पुरानी इच्छा थी। एक अधिकारी के अनुसार, खुफिया जानकारी से संकेत मिला है कि ईरान उन मिसाइलों का इस्तेमाल 'संभावित रूप से पूर्वव्यापी' तरीके से कर सकता है। अधिकारी ने कहा कि पहले हमले का इंतजार करने से हताहतों और नुकसान की संख्या 'काफी अधिक' हो सकती थी। एक अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि हम उनके हाथों बंधक नहीं बनेंगे और न ही उन्हें हम पर पहले हमला करने देंगे। अधिकारियों ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई में नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया।

## तेहरान : सर्वोच्च नेता की मौत पर शोक में डूबी राजधानी, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

**तेहरान, एजेंसी।** सौजन्य से अल जजीरा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की आधिकारिक पुष्टि के बाद, राजधानी तेहरान की सड़कों पर गम और मातम का माहौल है। सरकारी मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर अपने नेता को याद कर रहे हैं। काले लिबास और गमगीन चेहरे : तेहरान के प्रमुख चौराहों, विशेष रूप से 'इंक़लाब स्क्वायर' पर समर्थकों का भारी हुजूम देखा जा सकता है। लोग काले कपड़े पहनकर और हाथों में खामेनेई की तस्वीरें और हरे झंडे लेकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। कई स्थानों पर लोग सामूहिक रूप से विलाप करते और



धार्मिक नारे लगाते देखे गए।

**सुरक्षा का कड़ा पहरा :** तस्वीरों में शहर के हर कोने पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और बासिज मिलिशिया के जवानों की भारी तैनाती साफ नजर आ रही है। सुरक्षा बल न केवल भीड़ को नियंत्रित कर रहे हैं, बल्कि संभावित छिटपुट विरोध प्रदर्शनों या जश्न की कोशिशों पर भी कड़ी नजर रख रहे हैं।

**आधिकारिक शोक सभाएं :** मस्जिदों और सरकारी इमारतों पर लगे लाउडस्पीकरों से कुरान की आयतें पढ़ी जा रही हैं। सरकार ने इस सभा को 'राष्ट्रीय एकता और प्रतिरोध' के रूप में पेश किया है। मशहद के बाद अब तेहरान में भी लोग इमाम खुमैनी के मक़बरे की ओर कूच कर रहे हैं, जहाँ अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्मों के होने की संभावना है।

**विरोधाभासी तस्वीरें :** भले ही मुख्य सड़कों पर शोक का माहौल है, लेकिन सोशल मीडिया पर आ रही कुछ धुंधली तस्वीरों और अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, तेहरान के कुछ उत्तरी इलाकों में सन्नाटा है या लोग अपने घरों के भीतर से इस बदलाव को देख रहे हैं।

## 'ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रंप को मारने की कोशिश', अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में किया बड़ा दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इस्राइल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ये हमले ईरान के मिलिट्री बेस, एयरफील्ड और सरकारी स्थानों को निशाना बनाकर किए गए। आज भी ईरान में हमलों का दौर जारी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधे और प्रॉक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की।

**'ईरान इस्राइल को खत्म करना चाहता था' :** यूएन सुरक्षा परिषद में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इस्राइल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया।



**'ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई' :** वॉल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रंप को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गतिविधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं।

**संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का बचाव :** अमेरिकी-इस्राइल ऑपरेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं, शायद वे अपनी आजादी की उम्मीद जता रहे हैं।

## सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिनों के शोक की घोषणा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि आधिकारिक तौर पर हो चुकी है। ईरान के सरकारी मीडिया ने रविवार की सुबह को पुष्टि की कि खामेनेई अमेरिका-इजरायल हमलों में मारे गए। खामेनेई की मौत की खबर के बाद ईरानी सरकार ने 40 दिन के शोक का ऐलान किया। वहीं दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि देश खामेनेई की मौत का शोक नहीं मनाएगा। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि खामेनेई के चार रिश्तेदार, जिनमें उनकी बेटी, पोता और दामाद शामिल हैं, भी अमेरिकी-इजरायली हमलों में मारे गए।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने पर 'शोक नहीं मनाया जाएगा।' अल्बनीज ने रिपोर्टरों से कहा, 'अयातुल्लाह अली खामेनेई सरकार के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम, हथियारबंद प्रॉक्सी को सपोर्ट और अपने ही लोगों के खिलाफ हिंसा और डराने-धमकाने के क्रूर कामों के लिए जिम्मेदार थे। वह ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर हमलों की प्लानिंग के लिए जिम्मेदार थे। उनकी मौत पर शोक नहीं मनाया जाएगा।'

वहीं खामेनेई की मौत की पुष्टि करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि ईरान के सुप्रीम लीडर यूएस-इजरायल के संयुक्त हमलों में मारे गए, और इसे ईरानियों के लिए अपने देश पर कंट्रोल वापस पाने का 'सबसे बड़ा मौका' बताया। ट्रंप ने एक बयान में कहा, 'इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, खामेनेई मर गया है। यह ईरान के लोगों के लिए और सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के उन लोगों के लिए न्याय है, जिन्हें खामेनेई और उनके खून के प्यासे गुंडों के गैंग ने मार डाला या घायल कर दिया।



खामेनेई हमारे इंटेलिजेंस और बहुत एडवांस्ड ट्रैकिंग सिस्टम से बच नहीं पाए और इजरायल के साथ मिलकर काम करते हुए, ऐसा कुछ भी नहीं था जो वह या उनके साथ मारे गए दूसरे नेता कर सकें।'

इस बीच, ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ बड़ा मिलिट्री कैंपेन जारी रहेगा। ट्रंप ने पोस्ट में कहा, 'हालांकि, भारी और सटीक बमबारी पूरे हफ्ते बिना रुके जारी रहेगी या जब तक मिडिल ईस्ट और असल में, पूरी दुनिया में शांति के हमारे मकसद को पाने के लिए जरूरी होगा! ट्रंप ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, आर्म्ड फोर्सेज और पुलिस से इम्यूनिटी के बदले अपने हथियार डालने की अपनी पिछली अपील एक बार फिर से दोहराई।

### केन्या में विमान हादसे में सांसद समेत छह लोगों की मौत

**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या के नंदी काउंटी में शनिवार को एक दर्दनाक हेलिकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में केन्या की संसद के सदस्य जोहाना नगेनो भी शामिल थे। पुलिस प्रमुख सैमुअल मुकूसी के अनुसार, हेलिकॉप्टर उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद खराब मौसम के कारण पहाड़ी इलाके में गिर गया और उसमें आग लग गई। हादसा इतना भयानक था कि उसमें सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जोहाना नगेनो 54 वर्ष के थे और वे अपने तीसरे कार्यकाल में सांसद थे। उन्हें 2022 में सत्तारूढ़ दल के टिकट पर फिर से चुना गया था। संसद के स्पीकर मोसेस वेटांगुला ने उन्हें एक समर्पित जनसेवक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि नगेनो ने हमेशा अपने क्षेत्र के लोगों के लिए काम किया। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। केन्या की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद शोक का माहौल है।

### सिंगापुर: दुष्कर्म के दोषी चेट्टी की सजा 12 वर्ष जेल, 12 बेंत

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय मूल के एक मलयेशियाई शरवीन चेट्टी (48) को घरेलू सहायिका से दुष्कर्म के मामले में 12 वर्ष कारावास और 12 बेंत मारने की सजा अदालत की ओर से सुनाई गई है। चेट्टी ने चार फरवरी को 35 वर्षीय इंडोनेशियाई महिला से दुष्कर्म के एक आरोप में दोष स्वीकार कर लिया था। घटना 11 जुलाई 2022 की है जब उसने लिटिल इंडिया मास रेपिड ट्रांसिज स्टेशन के निकास द्वार के बाहर झाड़ियों में महिला से दुष्कर्म किया। चेट्टी उसे पुलिस वाला बनकर बहलाकर ले गया था।

# टी20 वर्ल्ड कप: 39 साल पुरानी हार का बदला लेगा भारत, इंग्लैंड को हराकर पहुंचेगा फाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें टीम इंडिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए खास है, क्योंकि ये लगातार तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टकरा रही हैं। भारतीय टीम के पास इस बार पुराने अनुभव और हार का बदला लेने का मौका है, जबकि इंग्लैंड ने ग्रुप-2 में टॉप करके अपनी ताकत साबित की है। फैंस के लिए यह मुकाबला इतिहास और आधुनिक क्रिकेट का अनोखा संगम साबित होगा।

**इतिहास की यादें और बदला लेने का मौका**

वानखेड़े स्टेडियम क्रिकेट इतिहास में कई यादगार मैचों की गवाह रहा है। खासतौर पर 5 नवंबर 1987 को हुए वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस समय भारत डिफेंडिंग चैंपियन था और घरेलू फैंस की उम्मीदें आसमान छू रही थीं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की टीम इंग्लैंड के 254 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए 219 पर ऑलआउट हो गई थी। यह हार भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा झटका साबित हुई थी। अब, 39 साल बाद वही मैदान और वही टीमें, लेकिन टी20 फॉर्मेट में, टीम इंडिया इस पुरानी हार का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**टीमों की फॉर्म और सेमीफाइनल तक का सफर**

इंग्लैंड ने ग्रुप-2 में शीर्ष स्थान हासिल किया और सुपर-8 में अपनी पकड़ मजबूत रखी। वहीं, भारत ने सुपर-8 राउंड को दूसरे स्थान पर खत्म किया। भारतीय टीम ने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को हराकर आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब इंग्लैंड के खिलाफ यह मुकाबला केवल सेमीफाइनल नहीं, बल्कि भारत के लिए एक पुरानी हार की भरपाई और फाइनल की टिकट सुनिश्चित करने का अवसर है।

टीम इंडिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन इस मैच की कुंजी होगी। रोहित शर्मा की कप्तानी, युवा खिलाड़ियों का उत्साह और अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव टीम को जीत की ओर ले जा सकता है। वहीं, इंग्लैंड की तेज़ और रणनीतिक बल्लेबाजी भी भारतीय टीम के लिए चुनौती पेश करेगी।

**मुकाबले का महत्व और भविष्य की संभावनाएं**

इस सेमीफाइनल का नतीजा टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में प्रवेश का रास्ता तय करेगा। भारतीय टीम अगर जीतती है, तो इतिहास की पुरानी हार का बदला लेते हुए फाइनल में कदम रखेगी। वहीं, इंग्लैंड अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए भारतीय चुनौती को मात देने की कोशिश करेगा।




## बीसीसीआई ने भारतीय टीम की जीत के बाद का विडियो जारी किया




**–घुटने पर बैठकर हाथ जोड़ते नजर आये सैमसन**

**कोलकाता (एजेंसी)।** संजू सैमसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी से भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप के तीसरे और अंतिम सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम की जीत के बाद सैमसन ने ड्रेसिंग रूम में पहुंचते ही सबसे पहले घुटने टेककर और हाथ जोड़कर ईश्वर को याद किया। इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 196 रनों का कठिन लक्ष्य मिला था जिसे भारतीय टीम ने सैमसन की 97 रनों की पारी से हासिल कर लिया। सैमसन ने अपने करियर की सबसे अच्छी पारियों में से एक खेलकर एक बार फिर अपनी क्षमताएं दिखायी हैं। भारतीय टीम की जीत के बाद क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किया है जिसमें भारतीय टीम की जीत के बाद के पलों को दिखाया गया है।

इस वीडियो में दिख रह है कि सैमसन के विजयी शॉट लगाते ही डगआउट में मौजूद सभी खिलाड़ी खुशी से झूम उठते हैं। इसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा मैदान पर दौड़ लगाते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव टीम टीम के साथ मैदान में उतरते हैं और सैमसन से मिलते हैं। इसके बाद बाकी खिलाड़ी भी उनसे मिलते हैं। वीडियो के अंत में नजर आता है कि ड्रेसिंग रूम में पहुंचते ही सैमसन अपनी किट के आगे घुटने टेकते हैं और फिर हाथ जोड़कर ऊपर वाले का आभार जताते हैं।

सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले गेम में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे, तो बड़ा स्कोर बनाने पर ध्यान था। इस बार मैं पहली गेंद से ही बड़ा स्कोर बनाना चाहता था। लेकिन यह गेम बिल्कुल अलग था। मुझे लगता है कि जैसे ही मैं तेजी से खेलने जाना चाह रहा था तभी हम विकेट खो रहे थे। इसलिए मुझे लगा कि हमें एक साझेदारी की जरुरी है। मैं अत टिककर खेलने पर ध्यान देने लगा। मुझे कभी नहीं लगा कि मैं ऐसा कुछ खास कर पाऊंगा, लेकिन मैं बस अपनी भूमिका पर ध्यान दे रहा था। इस दौरान मैं एक बार में एक ही गेंद पर ध्यान दे रहा था। ये मेरी सबसे अच्छी पारियों में से एक रही।'

## अभी भी मेरे अंदर भारतीय टीम से खेलने का जुनून : शमी

**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उनके अंदर अभी भी भारतीय टीम से खेलने का जुनून है। शमी ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर इसके बाद भी उनकी उपेक्षा हुई है। शमी ने अंतिम बार साल 2025 में खेला था। इसके बाद से ही वह किसी भी प्रारुप में नहीं खेले हैं हालांकि वह घरेलू क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं। शमी का कहना है कि वह अभी भी देश के लिए खेलना चाहते हैं। साथ ही कहा कि उनमें अभी भी खेलने की क्षमता है।

शमी ने कहा, 'मैं हमेशा कहता हूं, चाहे आप कोई भी खेल खेलें, अगर आपके अंदर योग्यता है तो उसे बेकार न करें। ' नवंबर 2024 में लंबी चोट के बाद वापसी करने के बाद शमी ने घरेलू क्रिकेट में काफी मेहनत की है। रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन में बंगाल के लिए खेलते हुए वह काफी अच्छे फॉर्म में नजर आये। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया है। इस सीजन की 12 पारियों में शमी ने 36 विकेट लिए हैं और वे टूर्नामेंट में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

2025 की शुरुआत में टी20 मैचों और विजेता चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल रहने के बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी वे एकदिवसीय और टी20 टीम से बाहर रहे। वही ये भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे फिर से पांच दिन का लंबा प्रारुप खेल पाएंगे। इसको लेकर उन्होंने कहा, 'देश का प्रतिनिधित्व करने की बात हो तो मैं अपना सब कुछ दे दूंगा। मैं कभी पीछे मुड़कर ये नहीं सोचना चाहता कि मैंने अपनी क्षमता का थोड़ा भी हिस्सा अधूरा छोड़ दिया।'शमी की इन बातों से एक बात तो साफ है कि वह आलोचनाओं से डरे नहीं हैं। उन्होंने कहा हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है और मैं भी हमेश तैयार हूं।

## मध्यपूर्व में जारी संघर्ष के कारण स्वदेश नहीं लौट पा रही जिम्बाब्वे टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के कारण जिम्बाब्वे की टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी भारत में ही फंसी हुई है। जिम्बाब्वे की टीम दुबई हवाई अड्डे के बंद होने के बाद से ही स्वदेश वापसी की योजना पर अपने क्रिकेट बोर्ड के अगले आदेश का इंतजार कर रही है।

जिम्बाब्वे की टीम रविवार को सुपर आठ चरण के अपने अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद से ही स्वदेश लौटने की तैयारी में लगी थी पर अचानक ही अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद से ही खाड़ी देशों से सभी उड़ाने बाधित हो गयीं। टीम के अधिकांश खिलाड़ी सोमवार सुबह से दिल्ली से तीन अलग-अलग चरणों में रवाना होने वाले थे पर ये संभव नहीं हुआ। टीम के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स ने बताया कि अभी वापसी को टाल दिया गया है अभी हम इंतजार की रणनीति पर काम कर रहे हैं।




वहीं जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर ग्रीम क्रीमर दुबई में रहते हैं और मध्य पूर्व के प्रमुख हवाई अड्डों के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद उनकी यात्रा योजना भी अभी टल गई है। टीम के अन्य खिलाड़ियों को दुबई से आगे की उड़ान लेनी थी। मुख्य कोच सैमन्स ने कहा, खिलाड़ियों के लिए इस तरह की स्थिति की अनदेखी करना कठिन है लेकिन फिर भी सबका ध्यान रविवार को मैच के दौरान खेल पर ही था। उन्होंने मौजूदा स्थिति से खेल के प्रभावित होने के बारे में पूछे जाने पर कहा, सबके दिमाग में यह था कि उन्हें सोमवार को घर के लिए निकलना है। टीम के अंदर इस पर बात हो रही थी पर मैदान पर कदम रखते समय उनका पूरा ध्यान मैच पर ही था। सैमन्स ने कहा कि रविवार को टीम को कोई नई जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, जब हमने मैच शुरू किया था, तब कोई जानकारी नहीं थी। उसके बाद पूरा ध्यान खेल पर रहा। तब से मुझे कोई जानकारी नहीं मिली है। दुबई हवाई अड्डा बंद होने के कारण खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए अब अदीस अबाबा स्थित इथोपियाई एयरलाइंस के जरिए स्वदेश लौटने का विकल्प है। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी कहा है कि टी20 विश्व कप से लौट रहे खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था कर रही है। यह कदम अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष के कारण उड़ाने बंद होने के कारण उठाया गया है। हमलों के बाद उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए उठाया जा रहा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में पहुंची है और उसके दिमाग में भी वापसी को लेकर संशय है। टीम के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति खिलाड़ियों के बीच चर्चा का विषय रहा है। आप इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते पर हमारा ध्यान खेल पर ही रहेगा।

## डेनमार्क में लगभग एक करोड़ 8 लाख में नीलाम हुआ पहले ओलंपिक का पदक

कोपेनहेगन । डेनमार्क में एक नीलामी में आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले मेडल को लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये यूरो में बेचा गया है। 'ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स 'द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था, जो 1896 में एथेंस में आयोजित दुनिया के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में प्रदान किया गया था। उन खेलों में, पहले स्थान पर आने वाले विजेताओं को रजत पदक (सिल्वर मेडल) दिए गए थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) प्रदान किए गए थे। स्वर्ण पदक बाद के ओलंपिक खेलों में दिया जाने लगा था। प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार जूल्स–क्लेमेंट चैपलैन द्वारा उकेरा गया यह पदक शास्त्रीय प्रतीकों से समृद्ध है। पदक के सामने के हिस्से पर फूल–पत्तों के मुकुट से सुसज्जित यूनानी देवता ज़्यूस का चित्र है, जिन्होंने अपने हाथ में एक ग्लोब पकड़ा हुआ है, जिसके ऊपर विजय की देवी नाइकी जैतून की टहनी लिये खड़ी हैं। पहले आधुनिक ओलंपिक में 14 देशों के 241 एथलीटों ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने नौ खेलों और 43 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा की थी।

## सैमसन की प्रशंसा करते हुए गंभीर बोले, हमेशा से उसकी क्षमताओं का अंदाजा था

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे सुपर–8 मुकाबले में शानदार पारी खेलने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन की जमकर प्रशंसा की है। साथ ही कहा वह हमेशा से उसकी क्षमता जानते थे। गंभीर के अनुसार कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और यही उसे मिला है। सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण विश्वकप के शुरुआती मैच के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ उस सीरीज



में सैमसन एक बार भी 30 रन तक नहीं पहुंच पाये थे, वहीं एक बार वह शून्य पर ही आउट हुए थे। इसके अलावा गोल्डन डक के साथ वह कुल 3 बार दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये थे। गंभीर ने कहा, संजू एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है, सही जानते हैं कि वह कितना अच्छा खिलाड़ी है। टीम को जब उसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तो उससे अपने को साबित किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में उसकी क्षमताएं सामने आई हैं। उम्मीद है, यह उसके लिए बेहतर प्रदर्शन का समय है और आगे के दो और गेम में भी रहेगा। उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी में कभी भी तेज खेलने का प्रयास नहीं किया। केवल सामान्य शॉट ही लगाये। मैंने उसे कभी बॉल को ताकत से मारते हुए भी नहीं देखा, और उसमें इसी तरह की प्रतिभा है। जब आपको पता होता है कि गेम आपके नियंत्रण में है और आप जानते हैं कि आप अच्छा महसूस कर रहे हैं, तो मनोबल बढ़ा रहता है। वह नेट्स में भी गेंद को बहुत अच्छी तरह से खेल कर रहा है और अब उसने मैदान में उसी क्षमता को दिखाया है। उसे पता था कि विकेट बहुत अच्छा था, आउटफील्ड भी तेज थी, मैंने हमेशा कहा है कि वह एक शीर्ष स्तर का खिलाड़ी है, वह एक शानदार प्रतिभा है, उम्मीद है कि हम संजू से ऐसी और भी पारियों की उम्मीद करेंगे।

## कोच अमेलिया के मार्गदर्शन में वियतनाम के खिलाफ उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**–एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल**

**पर्थ (एजेंसी)।** एएफसी महिला एशियन कप फुटबॉल में भारतीय महिला टीम 4 मार्च को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम को इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरना होगा। इसका कारण है कि वियतनाम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है। नई मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे, के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का ये पहला मुकाबला होगा। ये मुकाबला टीम के लिए आसान नहीं होगा। वियतनामी टीम साल 2022 में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम को दो बार की विजो जापान से खेलना होगा। ये मुकाबला भी काफी कठिन होगा क्योंकि जापान फीफा रैंकिंग में शीर्ष टीमों में से एक है। जापान की



कई खिलाड़ी इंग्लैंड लीग में भी खेलती हैं, जिससे भी वह काफी बेहतर मानी जाती हैं।

भारतीय टीम 10 मार्च को भारत चीनी ताइपे से खेलेगी। फीफा रैंकिंग में 67वें स्थान पर मौजूद भारत के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना बड़ी उपलब्धि होगी। कोच वाल्वेर्दे के अनुसार भारतीय टीम के पास सही मिश्रण और सही सोच है। मौजूद जानकारी के अनुसार भारतीय टीम में युवा जोश और अनुभव का संतुलन है। 2022 संस्करण में शामिल सात खिलाड़ी फिर से टीम में हैं, जबकि छह नए चेहरे पहली बार इस मंच पर उतरेंगे।इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और क्वार्टरफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच प्ले-ऑफ जीतने वाली दो टीमों को सीधे 2027 विश्व कप के लिए प्रवेश मिलो जबकि बच हुई टीमों को इंटर-कॉन्टिनेंटल प्ले-ऑफ के जरिये आगे जाना होगा। इस टूर्नामेंट में अगले 20 दिनों टूर्नामेंट में 12 टीमें 27 मुकाबलों में उतरेंगी जिससे एशियाई चैंपियन का फैसला होगा। इससे उनकी 2027 महिला विश्व कप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की राह भी आसान होगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूर्नामेंट बेहद खास माना जा रहा है। स्टार खिलाड़ी सैम केर की कप्तानी वाली टीम की स्वर्णिम पीढ़ी के लिए घरेलू मैदान पर बड़ा खिताब जीतने का यह शायद आखिरी मौका हो सकता है।

## ईरान का फुटबॉल विश्व कप में खेलना संदिग्ध



तेहरान। ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।' अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

## बाबर के बचाव में उतरे पुजारा



मुम्बई । भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज रहे चेतेश्वर पुजारा ने कहा है टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के लिए केवल अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को ही दोष देना सही नहीं हैं। पुजारा के अनुसार टीम प्रबंधन को बाबर के साथ स्पष्ट रुप से बातचीत कर बताना चाहिये कि टीम उनसे क्या चाहती है। पुजारा ने कहा कि अगर बाबर टीम की भविष्य की योजनाओं में फिट नहीं बैठते हैं, तो उन्हें यह बात स्पष्ट रुप से बता देनी चाहिये। उनके अनुसार, केवल एक खिलाड़ी से ही परिणाम प्रभावित नहीं होता, विफलता के लिए पूरी टीम जिम्मेदार होती है।पुजारा ने कहा कि पाक टीम के खराब प्रदर्शन का कारण मध्यक्रम की विफलता है। वहीं बाबर को इस टूर्नामेंट में मध्यक्रम में उतारा गया और वह रन नहीं बना पाये। उनके आउट होने से टीम का मध्यक्रम लगातार दबाव में दिखा, जिससे पाकिस्तान की बल्लेबाज ढ़हती दिखी।बाबर ने इस टूर्नामेंट में 6 मैच खेले और 4 पारियों में 91 रन बनाए। उनका औसत 22.75 और स्ट्राइक रेट 112.34 रहा। उनका सबसे अधिक स्कोर 46 रन रहा। ये उन्होंने अमेरिका के खिलाफ बनाया था। भारत के खिलाफ वह एक रन ही बना पाये। पुजारा ने बल्लेबाज फखर ज़मान टूर्नामेंट में काफी रन बनाने वाले साहिबज़ादा फरहान की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पाक की असली ताकत निडर और आक्रामक क्रिकेट में है, और यही अंदाज उन्हें आगे भी अपनाना होगा पर वर्तमान में टीम काफी रक्षात्मक है।

## तीरंदाज अंकिता भकत की नजरें एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लगी

नई दिल्ली । तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले



साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को भी हाल में हराया था, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु–ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं। अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरुआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी–कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।

# सिंधु का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर रहना तय, लक्ष्य सेन पर होगी नजर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से यहां शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) भी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है तथा देर से पहुंचने वाले खिलाड़ियों की मदद करने के लिए तैयार है। सिंधु की टूर्नामेंट में भागीदारी अभी अनिश्चित है, लेकिन भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी सिंगापुर और अफ्रीका के वैकल्पिक मार्गों से बर्मिंघम पहुंच गए हैं। हालांकि यह देखना बाकी है कि लंबी और थका देने वाली यात्रा उनकी तैयारियों को कितना प्रभावित करेगी।

भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है।

महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा।



मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो का मुकाबला मलेशिया के हू पांग रॉन और चेंग सु यिन से, जबकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे का फ्रांस के थॉम गिक्केल और डेल्फिन डेलरू से होगा। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने ऑल इंग्लैंड का खिताब जीता है। हाल के वर्षों में केवल साइना नेहवाल (2015 उपविजेता) और लक्ष्य (2022 उपविजेता) ही इसके करीब पहुंच पाए।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 03 मार्च 2026
Www.vishalindia.in

## शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद

सेंसेक्स 1,048, निफ्टी 312 अंक गिरा

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही करोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इजरायल-ईरान युद्ध के कारण भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ने से बाजार टूटा है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,048.34 अंक नीचे आकर 80,238.85 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.95 अंक गिरकर 24,865.70 पर बंद हुआ। आज बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकर 7 लाख करोड़ रुपए कम होकर 456 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि शुक्रवार को 463 लाख करोड़ रुपए था। इससे निवेशकों को भारी झटका लगा है। कारोबार के दौरान निफ्टी इन्फ्रा 2.23 फीसदी , निफ्टी ऑटो 2.20 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.15 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.15 फीसदी, निफ्टी पीएसयू 1.84 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.49 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.24फीसदी और निफ्टी फार्मा 0.02 फीसदी ही उछले। सेंसेक्स पैक में बीईएल, सन फार्मा और आईटीसी के शेयरों को लाभ हुआ जबकि इंडिगो, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, ट्रेंट, इटरनल, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एसबीआई और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। आज लार्जकैप के साथ ही स्मॉलकैप और मिडकैप में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 935.10 अंक या 1.58 फीसदी की गिरावट के साथ 58,180.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 296.50 अंक या 1.75 फीसदी की कमजोरी के साथ 16,632 .40 पर था।

इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 1,125 अंकों की गिरावट के साथ खुला, जबकि निफ्टी 50 करीब 300 अंक टूटकर खुला। शुरुआती कारोबार में कुछ रिकवरी दिखी पर बाद में फिर गिरावट हावी रही। बाजार जानकारों के अनुसार ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक बाजारों में कमजोरी, सोने-चांदी की कीमतों में उछाल और कच्चे तेल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंचने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। दिनभर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने और सतर्क कारोबार की संभावना जताई जा रही है। वहीं अमेरिकी बाजार में पिछले सप्?ताह के आखिरी कारोबारी दिवस पर भी गिरावट दिखी थी और 2 मार्च को भी दलाल स्ट्रीट के सबसे बड़े एव?सचेंज डाउ जोंस पर 0.72 फीसदी यानी 342 अंकों की गिरावट दिख रही है। डाउ जोंस 48,631 के अंक पर कारोबार कर रहा है।

## अमेरिका-इज़राइल-ईरान तनाव से सोना-चांदी में रिकॉर्ड उछाल

– सोना 4759 रुपये महंगा हुआ, 3 फीसदी बढ गया चांदी का दाम

नई दिल्ली । मध्य-पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोना और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। अमेरिका, इजराइल और इरान के बीच बढ़ते टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे निवेशकों का रुख सुरक्षित निवेश यानी बुलियन की ओर हो गया है। सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 4,759 रुपये की छलांग लगाकर 1,66,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं चांदी करीब 3 प्रतिशत उछलकर 2,91,439 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। घरेलू बाजार में यह तेजी अंतरराष्ट्रीय संकेतों के अनुरूप देखी जा रही है। अमेरिकी कमोडिटी एक्सचेंज कॉमेक्स पर शुरुआती कारोबार में सोने की स्पॉट कीमत 1.86 प्रतिशत बढ़कर 5,345.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। चांदी भी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 94.045 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 17,234 रुपये प्रति ग्राम पर बिक रहा है, जबकि मुंबई और कोलकाता में यह 17,309 रुपये प्रति ग्राम दर्ज किया गया। चेन्नई में कीमत 17,210 रुपये प्रति ग्राम है। 22 और 18 कैरेट सोने में भी समान तेजी देखी गई है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि तनाव बरकरार रहा तो घरेलू बाजार में सोना 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।



# अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान एफडीआई 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर पर

### एफडीआई निवेश सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 12.69 अरब डॉलर रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 18 प्रतिशत बढ़कर 47.87 अरब डॉलर रहा। इस दौरान अमेरिका से आने वाला निवेश भी लगभग दोगुना होकर 7.80 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश के भीतर 40.67 अरब डॉलर एफडीआई आया था। वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में इक्विटी में एफडीआई निवेश सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 12.69 अरब डॉलर रहा। हालांकि यह जून-सितंबर तिमाही के 16.55 अरब डॉलर से 23 प्रतिशत कम है। इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी को मिलाकर कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर अवधि में 17.4 प्रतिशत बढ़कर 73.31 अरब डॉलर हो गया जबकि 2024-25 की समान अवधि में यह 62.48 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सिंगापुर 17.65 अरब डॉलर के साथ एफडीआई का सबसे बड़ा निवेश स्रोत रहा। उसके बाद अमेरिका (7.8 अरब डॉलर), मॉरीशस (4.83 अरब डॉलर), जापान (3.2 अरब डॉलर), यूएई (2.45 अरब डॉलर) और नीदरलैंड (2.29 अरब डॉलर) रहे। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच सिंगापुर (192.53 अरब डॉलर) और मॉरीशस (185 अरब डॉलर) शीर्ष निवेशक रहे हैं जबकि अमेरिका का कुल निवेश 78.46 अरब डॉलर रहा है। उद्योग क्षेत्रों के हिसाब से, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर में 10.7 अरब डॉलर, सेवाओं में 8.42 अरब डॉलर और व्यापार में 3.36 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में 2.53 अरब डॉलर, निर्माण में 2.1 अरब डॉलर और वाहन क्षेत्र में 1.82 अरब डॉलर का निवेश हुआ। आंकड़े बताते हैं कि राज्यों में महाराष्ट्र 15.38 अरब डॉलर के साथ एफडीआई के मामले में शीर्ष पर रहा। उसके बाद कर्नाटक (11.2 अरब डॉलर) और गुजरात (5 अरब डॉलर) का स्थान रहा। सरकार ने अधिकांश क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देते हुए निवेश-अनुकूल नीति लागू की है। पिछले वित्त वर्ष में इक्विटी एफडीआई 50.01 अरब डॉलर और कुल एफडीआई 80.6 अरब डॉलर रहा था।




ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज ने भारत में पहली बार लॉन्च की किफायती

## ड्रग-फ्री हैंडहेल्ड सांस की डिवाइस पेपेअरटीएम

**भोपाल।** एक इनोवेशन-आधारित इंटरनेशनल लाइफ-साइंसेज कंपनी, ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज लिमिटेड (अपनी सहायक/संबद्ध कंपनियों सहित, जिसे आगे ज़ाइडस कहा गया है), ने पेपेअरटीएम लॉन्च किया है। यह भारत का पहला किफायती ऑसिलेटिंग पॉजिटिव एक्सपायरेटरी प्रेशर (ओपीईपी) डिवाइस है, जिसमें 3-रेज़िस्टेंस सिस्टम दिया गया है। यह डिवाइस सीओपीडी, अस्थमा और ब्रोन्किइक्टेसिस से पीड़ित मरीजों में छाती की जकड़न कम करने, बलगम साफ करने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है। पेपेअरटीएम एक इनोवेटिव, ड्रग-फ्री, हैंडहेल्ड डिवाइस है, जिसका डिजाइन पेटेंटेड है। भारत में 90 लाख से अधिक मरीज गंभीर सांस के रोगों से पीड़ित हैं। इन मरीजों में अत्यधिक और लगातार बलगम बनना एक आम समस्या है, जिसके लिए रोज़ाना उपयोग योग्य एयरवे क्लीयरेंस समाधान की आवश्यकता होती है। पेपेअरटीएम को ऐरोडेल टेक्नोलॉजी इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौते के तहत लॉन्च किया जा रहा है। यह एक भारतीय मेडिकल डिवाइस कंपनी है, जो ड्रग-डिलीवरी पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन को सरल बनाने पर काम करती है। रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज ने पेपेअरटीएम को किफायती कीमत 990 रुपये प्रति यूनिट में उपलब्ध कराया है। लॉन्च के अवसर पर ज़ाइडस लाइफ़साइंसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर शर्विल पटेल ने कहा, ज़ाइडस में पेशेंट-सेंट्रिक इनोवेशन का मतलब है स्वास्थ्य सेवाओं को इस तरह आगे बढ़ाना, जिससे रोज़मर्रा की देखभाल मरीजों के लिए अधिक सुलभ हो सके। पेपेअरटीएम के साथ, जो भारत का पहला किफायती ओपीईपी डिवाइस है, हम एक ड्रग-फ्री, हैंडहेल्ड समाधान पेश कर रहे हैं, जिसे सीओपीडी, अस्थमा और ब्रोंकिएक्टेसिस से पीड़ित मरीजों की बेहतर सांस लेने में मदद के लिए डिज़ाइन किया गया है।




## हीरो मोटोकॉर्प ने 'राइड सेफ इंडिया' के साथ सबके लिए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया

**मुंबई, एजेंसी।** हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, ने हरियाणा पुलिस और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम में सी राइड फार सेफ्टी वुमंस नाइट रैली का आयोजन किया। इस रैली को डॉ. अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त; डॉ. राजेश मोहन, उपायुक्त (ट्रैफिक पुलिस) और हीरो मोटोकॉर्प के वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल बिजनेस एंड प्रोडक्ट प्लानिंग, श्री संजय भान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेशन हाउस ऑफिसर सुश्री सोनिया तथा महिला पुलिस बल ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए इस मुहिम का समर्थन किया। इस रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया और यह सड़कों पर सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा समावेशन का एक शक्तिशाली उत्सव था। महिला राइडर्स ने गुरुग्राम की सड़कों पर देर शाम 9 किलोमीटर की रूट पर सवारी की। जनवरी 2026 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुरू की गई राइड सेफ इंडिया पहल एक तीन महीने की मुहिम है, जो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित सड़क सुरक्षा के 4श्वह्य - शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल पर आधारित है। प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान, स्कूल एक्टिवेशन और नागरिक-नेतृत्व वाले कार्यक्रमों के माध्यम से यह अभियान सुरक्षित सवारी को एक सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है।

इस पहल के बारे में, हीरो मोटोकॉर्प की हेड - कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सीएसआर, लतिका तनेजा ने कहा, दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी के रूप में, जहां हर दिन लाखों लोग हीरो मोटोकॉर्प के वाहनों को चलाते हैं, सड़क सुरक्षा हमारे लिए केवल एक प्राथमिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जो हमें परिभाषित करती है।




## टाटा मोटर्स ने वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ किया समझौता

**तूतीकोरिन, एजेंसी।** देश के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर एक अहम कदम बढ़ाते हुए, भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने तूतीकोरिन (तमिलनाडु) के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पोर्ट पर 40 ग्रीन हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन से चलने वाले हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। स्रूश्व पर माननीय केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और वॉटरवेज़ मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में साइन किए गए।

समझौते के अनुसार, टाटा मोटर्स सबसे पहले एक हाइड्रोजन-पावर्ड प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू करेगी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 40 एच2 आइसीइ प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा की जाएगी, जो ग्रीन एनर्जी अपनाने और एक टिकाऊ व फ्यूचर-रेडी समुद्री इकोसिस्टम बनाने के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पार्टनरशिप पर अपने विचार शेयर करते हुए, श्री सुसांता कुमार पुरोहित, आइआरएसइइ, चेयरपर्सन, वीओसीपीए ने कहा, टाटा मोटर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप वीओसी पोर्ट के नेट-ज़ीरो एमिशन हासिल करने की कोशिश में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के आने से हमारे कार्गो हैंडलिंग ऑपरेशन काफ़ी हद तक डीकार्बनाइज़ होंगे, साथ ही भारत में सस्टेनेबल पोर्ट-लेड लॉजिस्टिक्स के लिए एक बेंचमार्क सेट होगा। इन ग्रीन हाइड्रोजन ट्रकों को धीरे-धीरे शामिल करने में मदद करने के लिए, पोर्ट 2 एमडब्लयू का इलेक्ट्रोलाइज़र और एक खास हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम कर रहा है। यह प्रोजेक्ट ग्रीन फ्यूल से जुड़ी कई दूसरी कोशिशों के साथ मिलकर एक मज़बूत ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम बनाने और वीओसी पोर्ट को सस्टेनेबल मैरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर में लीडर बनाने के हमारे कमिटमेंट को और मज़बूत करता है। स्रूश्व की घोषणा पर बोलते हुए, टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड - ट्रक्स, श्री राजेश कौल ने कहा, वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ हमारा कोलेबोरेशन हाइड्रोजन से चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकिंग को असल दुनिया के पोर्ट ऑपरेशन्स में लाने में एक अहम मील का पत्थर है। पिछले कई महीनों में, हमने कार्गो हैंडलिंग एप्लीकेशन्स में हाइड्रोजन ट्रक्स के लिए रास्तों का पता लगाने के लिए पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ मिलकर काम किया है। यह पायलट टीसीओ पैरिटी का पता लगाने और ग्रीन हाइड्रोजन के साथ भारत के पोर्ट्स को ज़्यादा साफ़ और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की ओर बदलने में मदद करने की क्षमता दिखाने में मदद करेगा।इस प्रोजेक्ट के लिए गाड़ियों के बेड़े में टाटा मोटर्स प्राइमा 55-टन प्राइम मूवर शामिल है, जिसे टिकाऊ, लागत प्रभावी और हाई-परफॉर्मेंस ट्रांसपोर्टेशन के लिए तैयार किया गया है। प्रीमियम प्राइमा केबिन और उन्नत ड्राइवर-असिस्ट सुरक्षा फीचर्स से लैस ये ट्रक ड्राइवर की सुविधा को बढ़ाते हैं, उनकी थकान कम करते हैं और प्रोडक्टिविटी में सुधार करते हैं, साथ ही सुरक्षा के नए मानक भी स्थापित करते हैं।




## पी एंड जी शिक्षा मंडीदीप सहित 1 करोड़ बच्चों को सकारात्मक रुप से प्रभावित कर रही है

**मंडीदीप ।** पी एंड जी शिक्षा ने मध्य प्रदेश में 1989 में मंडीदीप में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करके अपना व्यावसायिक संचालन शुरू किया, जिससे महत्वपूर्ण निवेश हुआ और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। आज, यह संयंत्र पी एंड जी इंडिया की गुणवत्ता और नवाचार के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बन गया है, और प्रॉक्टर एंड गैंबल का के विश्व स्तर पर सबसे बड़ा डायपर विनिर्माण संयंत्र है।वर्ष 2005 से, पी एंड जी शिक्षा ने देश भर के हजारों विद्यालयों और समुदायों का सहयोग किया है, और लक्षित शैक्षणिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित क्षेत्रों के 1 करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पढ़ रहा है। इसके अंतर्गत, बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के लिए, पी एंड जी शिक्षा रोकथाम और सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है। सुधारात्मक उपायों के लिए, इसने साथ साझेदारी में नामक एक कंप्यूटर-आधारित अनुकूलनशील शिक्षण उपकरण के साथ समर्थित तकनीक का लाभ उठाता है।




यह कार्यक्रम प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में जमीनी स्तर पर सुधारात्मक शिक्षण कार्यक्रमों को भी लागू करता है, जिसमें प्रशिक्षित स्वयंसेवकों और शिक्षकों द्वारा समर्थित सामुदायिक और विद्यालय-आधारित दोनों मॉडल का उपयोग किया जाता है। रोकथाम के लिए, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के माध्यम से पी एंड जी शिक्षा प्रारंभिक बाल्य शिक्षा पर ध्यान देती है, ताकि बच्चों में सीखने की कमियों को दूर करने और स्कूल शुरू करते समय एक मजबूत नींव रखने के लिए उनमें मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा और रचनात्मक कौशल विकसित किए जा सकें। पी एंड जी शिक्षा ने आज भारत भर में 1 करोड़ बच्चों तक पहुंचने और उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उपलब्धि की घोषणा की, जिसका उद्देश्य सीखने के अंतर को मिटाना है। यह उपलब्धि देश भर में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए दो दशकों से अधिक समय से जारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत की अनेक कक्षाओं में सीखने के दौरान होने वाली झिझक अक्सर अनदेखी रह जाती है-कोई बच्चा पैराग्राफ

### ओटीटी रिलीज़ के साथ रंग भरें अपनी होली की छुट्टियों में

**मुंबई, एजेंसी।** होली रंगों, मस्ती, मेलजोल और बेफिक्र आनंद का त्योहार है। गुलाल के धमाल, पकवानों की खुशबू और थोड़ी सी फुर्सत के बीच यही सही मौका है घर के अंदर आराम से बैठकर ऐसी कहानियों में खो जाने का, जो इस त्योहार की तरह ही जीवंत और चौंकाने वाली हों।एयरटेल आईपीटीवी के साथ आपका होली का मनोरंजन अनुभव और बेहतर हो जाएगा। इसमें आपको एक ही बड़ी स्क्रीन पर 29 से ज्यादा मुख्य ओटीटी ऐप्स, 600 से ज्यादा लाइव टीवी चैनल और ऑन डिमांड कंटेंट की बड़ी लाइब्रेरी उपलब्ध होती है।

## वायासैट और बीएसएनएल ने भारत में पहला सैटेलाइट कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू किया

**जबलपुर, एजेंसी।** भारत संचार निगम लिमिटेड और वायासैट इंडिया ने सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग , जबलपुर में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले वर्ष गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। इस अवसर पर वायासैट के अध्यक्ष - कॉमर्शियल बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष-एडवांस्ड ह्लञ्जह्व सॉल्यूशंस संदीप मूर्ति और



दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। वहीं, इस समारोह के दौरान जबलपुर स्थित बीआरबीआरएआईटीटी में विद्यार्थी मौजूद थे। इस गठबंधन के तहत सैटेलाइट एवं सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन एक्सपर्ट ट्रेनर द्वारा ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों, आईटी व इंजीनियरिंग के पेशेवरों और सैटेलाइट संचार एवं सैटेलाइट युक्त एप्लीकेशंस में बुनियादी ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक नए स्नातकों को लाभ प्रदान करना है। यह पाठ्यक्रम जबलपुर में बीएसएनएल के तत्वावधान में स्थापित विशेषज्ञ प्रशिक्षण संस्थान बीआरबीआरएआईटीटी में एक व्यापक कौशल विकास की रूपरेखा पेश करने में पहला कदम है। यह संस्थान टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आधारभूत ढांचा और लॉजिस्टिक संबंधी सहयोग उपलब्ध कराता है।

## साणंद प्लांट उन्नत सेमीकंडक्टर डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग केन्द्र के रूप में भारत का उद्भव है: अशोक चांडक

**साणंद, एजेंसी।** इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) भारत सरकार और माइक्रोन टेक्नोलॉजी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के साणंद में माइक्रोन की अत्याधुनिक एटीएमपी (असेंबली, टैस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) फैसिलिटी के ऐतिहासिक उद्घाटन पर बधाई देती है। इस आयोजन में उपस्थित रहे, आईईएसए के प्रेसिडेंटअशोक चांडक ने इस घटना को भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक अहम पड़ाव बताते हुए कहा- यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात थी कि मैंने स्वयं इतिहास बनते हुए देखा। प्रधानमंत्री के तीन शब्दों ने सब कुछ कह दिया - 'भारत तैयार है, भारत भरोसेमंद है, और भारत काम करके दिखाता है' - यह एक विश्व स्तरीय चिप ईकोसिस्टम बनाने में देश के भरोसे का एक शक्तिशाली ऐलान था। माइक्रोन के एटीएमपी प्लांट का चालू होना भारत की सेमीकंडक्टर नीति के इरादे को लागू करने और मैन्युफैक्चरिंग की तैयारी में सफलतापूर्वक बदलने का सबूत है। सरकार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, गुजरात सरकार की मज़बूत प्रतिबद्धता और हमारी महत्वपूर्ण सदस्य कंपनी माइक्रोन के भारत की डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं पर भरोसे को दिखाता है। माइक्रोन का ?22,516 करोड़ (लगभग 2.75 अरब यूएस डॉलर) का बड़ा निवेश, भारत में उनके डिज़ाइन सेंटर्स के अलावा, भारत के मैन्युफैक्चरिंग लैंडस्केप में किसी वैश्विक सेमीकंडक्टर लीडर के सबसे बड़े वायदों में से एक है।

महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ ही देशों के पास यह क्षमता है। दुनिया भर में मांग तेज़ी से बढ़ रही है - अल्पकालिक आपूर्ति का दबाव बना हुआ है, ऐसे में भारत का माइक्रोन के डिज़ाइन सेंटर्स के अलावा मेमोरी मैन्युफैक्चरिंग में अपनी मौजूदगी बनाना सही वक्त पर हुआ है और यह कदम परिवर्तनकारी है। इस मेमोरी प्लांट और माइक्रोन के मौजूदा मेमोरी चिप डिज़ाइन सेंटर्स और इस साल खुलने वाली चिप ह्लस्ञ्ज सुविधाओं से भारत की सेमीकंडक्टर ताकत कई गुना बढ़ जाएगी।



# 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी संजीदा शेख, छोटा लेकिन दमदार होगा किरदार

अभिनेता यश की अदाकारी वाली फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज से पहले चर्चा में है। यह 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसमें नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया जैसी मजबूत फीमेल कास्ट है। बताया जाता है कि फिल्म में पांच फीमेल एक्ट्रेस के अलावा एक और अभिनेत्री नजर आएंगी।

### संजीदा शेख होंगी 'टॉक्सिक' का हिस्सा

वैरायटी इंडिया के मुताबिक अभिनेत्री संजीदा शेख भी फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा होंगी। इसमें उनका स्पेशल अपीयरेंस होगा। खबर है कि वह एक छोटा लेकिन अहम किरदार निभाएंगी। 'टॉक्सिक' संजीदा का पहला पैन-इंडिया प्रोजेक्ट है।

### संजीदा शेख का वर्कफ्रंट

संजीदा शेख सबसे ज्यादा टीवी में काम करने के लिए जानी जाती हैं। वह 'फाइटर' और 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' जैसे प्रोजेक्ट्स में अदाकारी से फिल्म और OTT में अपनी पहचान बना रही हैं। 'टॉक्सिक' के अलावा संजीदा शेख अजय देवगन स्टारर 'धमाल 4' में भी नजर आएंगी। यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज होने वाली है। उनके पास सनी देओल और अक्षय खन्ना के साथ 'इक्का' भी पाइपलाइन में है।

### 'टॉक्सिक' के बारे में

आपको बता दें कि 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। इसके लेखक यश और गीतू मोहनदास हैं। इसे कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट किया गया है। फिल्म को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और दूसरी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर 2' से टकाराएगी।



# तापसी पन्नू ने टाइपकास्ट किए जाने पर उठाए सवाल

तापसी पन्नू को अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'अस्सी' के लिए प्रशंसाएं मिल रही हैं। फिल्म को भी क्रिटिक्स द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी अच्छा कंटेंट और तारीफों के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस धीमी रफ्तार से ही आगे बढ़ रही है। इस बीच तापसी पन्नू ने एक ही तरह के किरदार के लिए एक ही तरह के कलाकारों को चुनने के मुद्दे पर सवाल उठाया। तापसी की अनुभव सिन्हा के साथ ये तीसरी फिल्म है, इससे पहले दोनों 'मुल्क' और 'थप्पड़' में भी साथ काम कर चुके हैं।

### कोई अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आना चाहता

गलाट्टा प्लस के साथ बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने बताया कि उन्होंने कई प्रमुख निर्देशकों से उनकी फिल्मों में बार-बार दोहराए जाने वाले कास्टिंग विकल्पों के बारे में सवाल किए हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि यह मुश्किल है। मेरे लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल है क्योंकि हम अपनी कल्पना के आरामदायक दायरे में इतने खुश रहते हैं। 'ठीक है, यह इस तरह की भूमिका है, तो यह ठीक रहेगी।' कोई भी लीक से हटकर सोचना नहीं चाहता। जब मैं यहां के कुछ शीर्ष निर्देशकों से मिलने जाती हूं, तो उनसे मेरी बातचीत होती है। सबसे पहले मुझे यह धारणा तोड़नी पड़ती है कि मैं ऐसी फिल्में करने में सहज हूं, जिनमें मैं मुख्य भूमिका में नहीं हूं। यानी कि कहानी मेरी नहीं है। फिर मुझे उन्हें बताना पड़ता है कि मैं कुछ हल्की-फुल्की भूमिकाएं करना चाहती हूं। ऐसा नहीं है कि अगर मुझे फिल्म में होना ही है तो उससे कोई समस्या जुड़ी होनी चाहिए।


### मैं हमेशा सवाल उठाती हूं

तापसी ने आगे बताया कि मैं सच में उन पर सवाल उठाती हूं। आप एक ही तरह के किरदारों के लिए हमेशा एक ही चेहरे को क्यों चुनते हैं? यह उनके साथ भी अन्याय है। यह मेरे जैसे लोगों के साथ भी अन्याय है जो अपनी कला में प्रयोग करना चाहते हैं। एक निर्देशक के तौर पर यह सोचना आपकी आत्मसंतुष्टि है कि अरे, यह एक खास तरह का किरदार है और इसके जैसी दिखने वाली लड़कियां कौन हैं? सिर्फ ये लड़कियां। फिर वे किसी और फिल्म में भी वही करेंगी जो उन्होंने पहले किया है। लेकिन जब मैं शायद ऐसा कुछ करूंगी, तो मैं कुछ नया लेकर आऊंगी।

### महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए मशहूर हैं तापसी

'अस्सी' में तापसी पन्नू एक वकील के किरदार में नजर आ रही हैं। इससे पहले तापसी अनुभव सिन्हा की ही फिल्म 'मुल्क' में भी वकील की भूमिका निभा चुकी हैं। तापसी पन्नू को अक्सर ही महिला केंद्रित और दमदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उनकी इस तरह की फिल्मों में 'अस्सी' और 'मुल्क' के अलावा 'थप्पड़', 'पिंक', 'बदला' और 'सांड की आंख' शामिल हैं। हालांकि, इसके अलावा उन्होंने अपने करियर में कुछ अलग तरह के किरदार भी निभाए हैं, जिनमें 'चश्मे बद्दूर', 'जुड़वां 2', 'हसीन दिलरुबा', 'डंकी' और 'खेल खेल में' शामिल हैं।

# क्या अक्षय कुमार के साथ काम करने वाली हैं अक्षरा सिंह?



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी फिल्मों और गानों की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। अक्षरा एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह काफी दिलचस्प है। दरअसल, उन्होंने अक्षय कुमार के साथ एक फोटो साझा किया है। इसके साथ उन्होंने जो कैप्शन लिखा है, उसे देख फैंस भी कयास लगा रहे हैं कि क्या दोनों सितारे साथ आने वाले हैं?

### अक्षरा बोलीं- 'सरप्राइज मिलेगा'

अक्षरा सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी और अक्षय कुमार की फोटो साझा की है। वे ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट में हैं और कैप लगा रखी है। अक्षरा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब खिलाड़ी की मुलाकात मृगनयनी से हो। और, कहानी अभी बाकी है। बड़ा सरप्राइज लोड हो रहा है।' इस पोस्ट में अक्षरा ने अक्षय कुमार को भी टैग किया है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ यूजर्स अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों शायद किसी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। वहीं, कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या किसी नए गाने में इनकी जोड़ी देखने को मिलेगी? एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी और बॉलीवुड की साझेदारी'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'कुछ तो पक रहा है'। वैसे देखना दिलचस्प होगा कि अक्षरा सिंह इस सरप्राइज से कब पर्दा उठाती हैं?

### होली सॉन्ग में वरुण शर्मा के साथ अक्षरा का धमाका

बता दें कि अक्षरा सिंह इन दिनों अपने होली स्पेशल सॉन्ग 'होली पे चले गोली' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस गाने में अक्षरा के साथ बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा नजर आए हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली है। इसके अलावा अक्षरा सिंह अपने कुकिंग व्लॉग को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने माता-पिता के साथ 'चटर पटर' व्लॉग शुरू किया है।





# अली अब्बास जफर की फिल्म में अहान पांडे निभाएंगे लीड रोल; शरवरी फीमेल लीड

**फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।**

अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। सोमवार को अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

### शरवरी होंगी फीमेल लीड



इस फिल्म में अहान के अपोजिट शरवरी नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मई 2026 में फिल्म की टीम लंदन शेड्यूल के लिए रवाना होगी, जहां एक बड़े एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग पांच दिनों तक चलेगी। बताया जा रहा है कि अहान ने इस फिल्म के लिए कड़ी तैयारी की है, जिसमें हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हथियारों की ट्रेनिंग शामिल है। यह फिल्म उन्हें 'सैयारा' से बिल्कुल अलग अवतार में पेश करेगी। निर्माता जुलाई 2026 तक फिल्म की शूटिंग पूरी करने की योजना बना रहे हैं और इसे 2027 की शुरुआत में रिलीज करने का लक्ष्य है। वहीं खबरें यह भी हैं कि ऐश्वर्य ठाकरे, जिन्होंने 'निशांची' से बॉलीवुड डेब्यू किया था, इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभा सकते हैं।

# कॉमेडी और इमोशन के दो छोर पर खड़ीं संदीपा धर



**एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया में एक कलाकार की पहचान उसके प्रोजेक्ट्स के सेलेक्शन से बनती है। ऐसे में अगर कलाकार अलग-अलग जॉनर में खुद को आजमाने का रिस्क उठाए, तो उसका सफर और भी दिलचस्प हो जाता है। इन दिनों एक्ट्रेस संदीपा धर अपने दो बिल्कुल अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक ओर वह आने वाले शो 'चुंबक' में हल्की-फुल्की फैमिली कॉमेडी का हिस्सा हैं, तो दूसरी ओर फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में उनका किरदार नैना दर्शकों को इमोशनल कर रहा है।**

इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कैसे इन दोनों प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक कलाकार के रूप में चुनौतियां दीं। आईएएनएस से बात करते हुए संदीपा 'चुंबक' को लेकर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह एक ऐसी फैमिली कॉमेडी है, जिसे हर उम्र का दर्शक साथ बैठकर देख सकता है। उन्होंने कहा, ''आज के दौर में कंटेंट अक्सर बोल्ड देखने को मिलता है, लेकिन 'चुंबक' रिश्तों की गर्माहट को महसूस करने की कोशिश करता है। इसमें किसी तरह की भद्दी कॉमेडी या असहज करने वाले जोक्स नहीं हैं। कहानी पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां लोग एक-दूसरे के घर बेझिझक आते-जाते हैं, साथ खाना खाते हैं, जिससे रिश्ते अपनेपन वाले बनते थे।''

संदीपा मानती हैं कि आज के समय में यह पड़ोस कल्चर लगभग खत्म हो चुका है और 'चुंबक' उसी खोए हुए अपनापन को वापस लाने की कोशिश है। संदीपा के लिए कॉमेडी का अनुभव नया है। इस पर उन्होंने कहा, ''कॉमेडी जितनी सहज दिखती है, उतनी होती नहीं है। टाइमिंग, रिएक्शन और सिचुएशनल ह्यूमर को पकड़ना आसान नहीं होता। इसमें रिद्म और सटीकता बेहद जरूरी है। लेकिन अनुभवी कलाकारों के साथ काम करने से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। सेट पर हल्के-फुल्के माहौल और टीम के सपोर्ट ने इस जॉनर को समझने में मेरी काफी मदद की है। नीना गुप्ता, सुमित राघवन, सुमित व्यास और देवेन भोजानी जैसे कलाकारों के साथ शूटिंग करना किसी एक्टिंग स्कूल से कम नहीं है। सेट पर कोई सीनियर-जूनियर नहीं है, सब दोस्त जैसे हैं और माहौल पूरी तरह फैमिलियर हो चुका है। अब जैसे-जैसे शूटिंग खत्म होने को है, तो सभी के मन में एक अजीब-सी उदासी महसूस हो रही है।''

संदीपा के लिए इसके बिल्कुल उलट 'दो दीवाने सहर में' का अनुभव भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया। फिल्म में उनकी स्क्रीन टाइमिंग कम थी, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने कहानी में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। संदीपा ने कहा, ''इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। फिल्म में मेरे सीन कम थे और मेरा नैना का किरदार बेहद गहराई वाला था। सीमित सीन्स में किसी किरदार की पूरी मानसिक स्थिति दिखाना किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। नैना बाहर से एकदम परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से वह अकेली, उलझी और टूटी हुई है। इस दोहरेपन को पर्दे पर उतारना मेरे लिए किसी परीक्षा की तरह था।''

उन्होंने आगे कहा, ''फिल्म में ब्रेकडाउन सीन मेरे लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा, क्योंकि इसमें सिर्फ मैं ही थी और पूरा भावनात्मक बोझ मुझ पर ही था। मैं ग्लिसरीन का इस्तेमाल नहीं करती, इसलिए हर टेक में असली इमोशन्स लाना शारीरिक और मानसिक रूप से थका देने वाला था। गर्मी में मुंबई की पीक समर के दौरान शूटिंग करना भी मुश्किलें बढ़ाता है, लेकिन जब पूरी टीम का साथ मिलता है, तो मुश्किलें भी यादगार बन जाती हैं।''

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in